सोशल मीडिया से जुड़ें
Parivehan_Vishesh
Title Code : DELHIN28985.
DCP Licensing Number :
F.2 (P-2) Press/2023

www.newsparivahan.com

# परिवहन विशेष

देश का पहला ट्रांसपोर्ट दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 01, अंक 261, नई दिल्ली

शनिवार, 02 दिसम्बर 2023, मूल्य ₹ 5, पेज 8

**आज का सुविचार**

खुशी और गम एक दूसरे के समांतर चलते हैं जब एक शांत होता है तो दूसरा भी शिथिल पड़ जाता है

# दिल्ली में सफर करना होगा और आसान: बस स्टॉप पर लगने लगे रूट मैप, यात्रियों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

संजय बाटला

**शुरुआत में दो हजार बस स्टापों पर लगाया जाएगा। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक ले जाने वाली बस का पता लगाने में आसानी होगी। साथ ही इससे यह भी पता चल सकेगा की बस के किस रूट पर मेट्रो स्टेशन है।**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में डीटीसी और कलस्टर बसों से रोजाना यात्रा करने वालों की संख्या लाखों में हैं। यात्रियों के सुविधा के लिए दिल्ली भर में 2200 के करीब बस स्टाप हैं। लेकिन यहां पर नए यात्रियों को सबसे ज्यादा इस बात की दिक्कत होती हैं। उनके गंतव्य तक कौन से नंबर की बस जाएगी।

यात्री इसे जानने के लिए परेशान होते रहते हैं। यह समस्या अब हल हो जाएगी। दो हजार के करीब बस स्टापों पर बसों का रूट मैप लगाने का काम शुरू हो चुका है। इससे नए यात्रियों को सभी बसों के रूट और उनके नंबर की जानकारी दी गई है। दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटड (डीटीआईडीसी) के अधिकारियों ने बताया कि रूट मैप लगाने का काम शुरू कर दिया है। 200 से अधिक बस स्टापों पर इसे लगाया जा चुका है।

शुरुआत में दो हजार बस स्टापों पर लगाया जाएगा। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक ले जाने वाली बस का पता लगाने में आसानी होगी। साथ ही इससे यह भी पता चल सकेगा की बस के किस रूट पर मेट्रो स्टेशन है। इस योजना के लिए परिवहन विभाग ने डीएमआरसी के साथ समझौता किया है। दिल्ली सरकार इस योजना पर लगभग 27 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसमें रूट मैप के साथ ही उसके तीन वर्ष तक रखरखाव का काम भी शामिल है।

**1400 नए बस स्टॉप भी बनाए जाएंगे**

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली में 2200 के करीब बस स्टाप है। इसके साथ ही 1400 नए बस स्टाप बनाए जाएंगे। नए बनने वाले बस स्टाप आधुनिक होंगे। इनमें महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन भी लगाया जाएगा। दिव्यांगों के लिए रैंप की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही अनाउंसमेंट की सुविधा भी होगी जो बस आने वाली होगी उसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। किसी भी तरह की आपात काल की स्थिति में नए बनने वाले बस स्टाप पर फोन की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।

परिवहन विशेष

देश का पहला ट्रांसपोर्ट दैनिक समाचार पत्र

Title Code : DELHIN28985

PARIVAHAN VISHESH NEWS



1. Web Portal https://www.newsparivahan.com/
2. facebook https://www.facebook.com/newsparivahan00
3. Twitter https://twitter.com/newsparivahan
4. Linkedin https://www.linkedin.com/in/news-parivahan-169680298/
5. Instagram https://www.instagram.com/news_parivahan/
6. Youtube https://www.youtube.com/@NewsParivahan

पर आप सभी के लिए 24 घण्टे उपलब्ध

3, प्रियदर्शिनी अपार्टमेंट, A-4 पश्चिम विहार, नई दिल्ली : 110063

सम्पर्क : 9212122095, 9811732095

www.newsparivahan.com, www.newstransport.in
Info@newsparivahan. com, news@newsparivahan.com
bathlasanjaybathla@gmail.com

## नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने नवंबर में हर घंटे काटे 349 वाहनों के चालान

**नवंबर के महीने में विशेष यातायात जागरूकता अभियान के दौरान, गौतम बौद्ध नगर पुलिस ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 2,51,398 ई-चालान जारी किए। यह प्रति घंटे औसतन 349 चालान है।**

**नोएडा।** नवंबर के महीने में विशेष यातायात जागरूकता अभियान के दौरान, गौतम बौद्ध नगर पुलिस ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 2,51,398 ई-चालान जारी किए। यह प्रति घंटे औसतन 349 चालान है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान जारी किए गए ई-चालान का कुल मूल्य 59 लाख रुपये से ज्यादा था।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल कुमार यादव ने विशेष अभियान के समापन पर कहा कि जागरूकता अभियान को 1 नवंबर को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने हरी झंडी दिखाई थी। जिसका मकसद नागरिकों को यातायात दिशानिर्देशों के बारे में शिक्षित करना और सड़क उपयोगकर्ताओं द्वारा नियम अनुपालन लागू करना था।

यादव ने कहा, नवंबर 2023 के महीने में, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 2,51,398 ई-चालान जारी किए गए। उल्लंघनकर्ताओं पर 59.29 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इन जुर्माने में से 2.70 लाख रुपये वसूल किए गए और सरकारी खजाने में जमा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 2023 में गौतम बौद्ध नगर में अब तक कुल 16.97 लाख ई-चालान जारी किए गए हैं। जबकि 94.54 लाख रुपये जुर्माना वसूल कर सरकारी खजाने में जमा किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि नवंबर में विशेष अभियान के दौरान वायु प्रदूषण सहित विभिन्न उल्लंघनों के कारण 680 वाहन जब्त किए गए थे। यादव ने कहा कि यातायात पुलिस ने जिले में ब्लैक स्पॉट को कम करने पर भी काम किया। इसके लिए पुलिस ने क्षेत्रीय परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग और जिले में स्थानीय विकास प्राधिकरणों के साथ नजदीकी से काम किया।

## दिल्ली कैंट में तेज रफ्तार कार का कहर, हवलदार की बाइक में मारी टक्कर, घर जाने के दौरान हुआ हादसा

**दिल्ली कैंट इलाके में एक कार ने हवलदार की बाइक में टक्कर मार दी। आरोपी कार चालक ने ही घायल हवलदार को अस्पताल में भर्ती कराया है। ड्यूटी से घर जाने के दौरान हादसा हुआ।पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार चालक को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।**

दिल्ली कैंट इलाके में एक कार ने हवलदार की बाइक में टक्कर मार दी। आरोपी कार चालक ने ही घायल हवलदार को अस्पताल में भर्ती कराया है। ड्यूटी से घर जाने के दौरान हादसा हुआ।पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार चालक को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट इलाके में थाने से घर जा रहे एक हवलदार की बाइक को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हवलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी कार चालक ने घायल हवलदार को पास के अस्पताल में लेकर गया। जहां से परिवार वालों ने उन्हें अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कार चालक को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है। घायल हवलदार की पहचान खुशी राम के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ मेहराम नगर में रहते हैं। उनकी तैनाती मालवीय नगर थाने में है। घटना के समय काम खत्म करने के बाद वह बाइक से घर जा रहे थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 27 नवंबर की देर रात 12 बजे एक शख्स ने पुलिस को फोन पर बताया कि मेहराम नगर लालबत्ती पर एक कार ने पुलिसकर्मी की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी है। हादसे में पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस की एक क्षतिग्रस्त बुलेट मिली। वहां पर कोई मौजूद नहीं था।

पुलिस ने सूचना देने वाले से फोन पर संपर्क किया। उसने अपना नाम अजय कुमार बताया। उसने बताया कि हादसा होने के बाद आरोपी कार चालक अपनी कार से घायल हवलदार को लेकर अस्पताल गया है।

पुलिस को पता चला कि हवलदार को पालम स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि हवलदार के परिवार वाले उन्हें लेकर द्वारका स्थित अग्रसेन अस्पताल गए हैं। वहां पहुंचने पर पता चला कि हवलदार का गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज चल रहा है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं हैं।

छानबीन में आरोपी कार चालक की पहचान सेक्टर चार द्वारका निवासी मुकुंद के रूप में हुई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए कार चालक को

## राहगीर बना भगवान: तेज रफ्तार कार ने डिलिवरी बॉय को मारी टक्कर, 50 मीटर तक रहा घसीटता; ऐसे बची जान

**फरीदाबाद जिले में एक फूड डिलीवर बॉय को कार ने कार ने टक्कर मार दी। इतना ही नहीं कार चालक उसे 50 मीटर तक घसीटता रहा। एक राहगीर ने ऑटो रुकवाकर उसे बीके अस्पताल भिजवाया।**

गुरुग्राम जा रहे एक बाइक सवार फूड डिलीवर बॉय को कार ने सूरजकुंड रोड पर टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना बुधवार देर रात करीब ढाई बजे की बताई जा रही है। आरोपी कार चालक हादसे के बाद मदद की बजाय बाइक सवार को करीब 50 मीटर तक घसीटता रहा। सड़क पर रगड़ने से बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। करीब एक से डेढ़ घंटे तक पीड़ित सड़क पर पड़ा रहा और मदद की गुहार लगाता रहा। एक राहगीर ने ऑटो रुकवाकर उसे बीके अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से मध्यप्रदेश के दामोह स्थित गांव बिलखिरवा निवासी प्रीतम अहिरवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गुरुग्राम स्थित एक रेस्त्रां में डिलीवरी बॉय का काम करता है। बुधवार देर रात वह गांव से बाइक पर सवार होकर गुरुग्राम के लिए जा रहा था। रास्ते की सही जानकारी न होने के कारण वह गूगल मैप द्वारा बताए रास्ते पर सूरजकुंड रोड होते हुए गुरुग्राम जा रहा रहा था। सिद्धदाता आश्रम के पास पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जोरदार झटके के साथ वह उछलकर




गिर गया। आरोप है कि कार चालक उसे करीब 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में बुरी तरह से घायल प्रीतम बेहोश हो गया। कुछ देर बाद उसे होश आया तो उसने अपने को देर तक सड़क किनारे पाया। घायलावस्था में वह लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा। एक राहगीर ने उसे देखा और एक ऑटो चालक को रुकवाकर उसे बीके अस्पताल तक पंहुचाया। राहगीर ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बीके अस्पताल में घायल युवक के बयान लिए। सूरजकुंड थाना पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मौके से बाइक सवार का हेलमेट नहीं मिला।

### जन सूचना

मै संजय कुमार बाटला पुत्र श्री मोहन लाल सभी को सूचित कर रहा हूं जो व्यवसाय मैं संजय बाटला के नाम से करता आ रहा था उसका नाम बदल कर ट्रांसपोर्ट विशेष न्यूज़ कर दिया गया है। इस व्यवसाय का जीएसटी नम्बर 07AEQPB9186G1Z3 जो पूर्व नाम से था वही है और आज से आप जो भी बिलिंग / आर्डर / पेमेंट भेजें कृप्या वह नए नाम यानि ट्रांसपोर्ट विशेष न्यूज़ के नाम से भेजे। पूर्व के सभी लेन देन नए नाम से किए जाएंगे। जन सुचना हेतू।

## सड़क हादसों को रोकने के लिए 20 ब्लैक स्पॉट चिह्नित, दुर्घटनाओं पर तकनीकी उपायों लगेगी लगाम

**ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यक्रम के तहत दिल्ली यातायात पुलिस इंजीनियिरंग के उपायों का इस्तेमाल कर दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों की संख्या खत्म करने की दिशा में प्रयास कर रही है। इसके साथ ही सड़क स्वामित्व वाली एजेंसियों के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट सुधार को प्राथमिकता देने की दिशा में इंजीनियरिंग उपायों पर काम किया जा रहा है।**

परिवहन विशेष न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यक्रम के तहत दिल्ली यातायात पुलिस इंजीनियिरंग के उपायों का इस्तेमाल कर दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों की संख्या खत्म करने की दिशा में प्रयास कर रही है। इसके साथ ही सड़क स्वामित्व वाली एजेंसियों के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट सुधार को प्राथमिकता देने की दिशा में इंजीनियरिंग उपायों पर काम किया जा रहा है।

यातायात पुलिस ने दिल्ली में 20 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए हैं, जहां पर सड़कों के अंधे मोड़ सही किए जाएंगे। मकसद है कि सड़क हादसों को शून्य किया जाए। यातायात पुलिस के मुताबिक, सड़क संरचना में कमियों की वजह से बनने वाले दुघर्टना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर दोष दूर करना आवश्यक है।

इन कमियों को दूर करने के लिए उपयुक्त उपचारात्मक प्रयास बेहद जरूरी हैं। कई मामलों में ब्लैक स्पॉट को इंजीनियरिंग उपायों से ठीक किया जा सकता है। किसी ब्लैक स्पॉट को 500 मीटर लंबाई के सड़क खंड या एक जंक्शन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जहां औसत वार्षिक कुल दुर्घटनाओं की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है।



पिछले तीन वर्षों में दिल्ली यातायात पुलिस ने दुर्घटना डेटा का क्षेत्रीय विश्लेषण कर ब्लैक स्पॉट की पहचान की है। क्लस्टर विश्लेषण के माध्यम से दुर्घटनाओं की गंभीरता का मूल्यांकन किया। इस परीक्षण का उद्देश्य है कि ब्लैक स्पॉट जोखिमों के कारणों को इंगित करना और सुधार के लिए लक्षित समाधान प्रस्तावित करना।

**पुलिस ने 4 दिवसीय वर्कशॉप का किया आयोजन**

दिल्ली यातायात पुलिस ने बताया कि ब्लैक स्पॉट के उपचारात्मक उपायों पर इस वर्ष एक चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जहां सिविक एजेंसियों के अधिकारियों, आइआइटी, डीटीयू, एसपीए, सीआरआरआइ, डब्ल्यूआरआइ, राहगीरी, सेव लाइफ फाउंडेशन के विशेषज्ञों, दिल्ली पुलिस के संबंधित सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भाग लिया और ब्लैक स्पॉट पर होने वाली दुर्घटनाओं में मौतों को रोकने के लिए उपचारात्मक उपाय सुझाए। जिन पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

**मुकरबा चौक व खामपुर गांव में होती हैं सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं**

पिछले तीन वर्षों में मुकरबा चौक में साधारण और घातक दुर्घटनाओं में वृद्धि देखने को मिली। वर्ष 2021 में मुकरबा चौक पर 18 और 2022 में यहां पर 23 दुर्घटनाएं हुईं। इसके बाद खामपुर गांव में भी दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2021 में खामपुर गांव में छह दुर्घटनाएं हुई थीं और 2022 में इनकी संख्या बढ़कर 19 हो गई। वहीं धौला कुआं इलाके में वर्ष 2021 में 11 दुर्घटनाएं हुई और वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर 17 हो गई।

20 ब्लैक स्पॉट दिल्ली में चिह्नित किए, विभिन्न एजेंसियों और विशेषज्ञों की ओर से सुझाए गए उपाय

500 मीटर का सड़क खंड या एक जंक्शन ब्लैक स्पाट के रूप में परिभाषित होता है

2015 की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में 22.5 प्रतिशत मौतें बढ़ीं

दिल्ली यातायात पुलिस ने ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीडीबी) 2016 का हवाला देते हुए बताया कि भारत में मौतों का आठवां बड़ा कारण सड़क दुर्घटनाएं हैं।

वर्ष 2015 की तुलना में सड़क हादसों में हुईं मौतें 22.5 प्रतिशत बढ़ी हैं। वर्ष 2022 में दुर्घटना स्थलों का विश्लेषण कर दिल्ली में 117 दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान की गई थी।

सबसे ज्यादा दुर्घटना संभावित क्षेत्र पश्चिम जिले में मिले। फिर उत्तर पश्चिमी, बाहरी उत्तरी व दक्षिण-पूर्वी जिले रहे। पश्चिमी जिले में 15 और बाकी तीन जिलों में 14-14 दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं।

टैंपल'स ऑफ लिबरलाइजेशन एंड वेलफेयर एलाइड ट्रस्ट

रजिस्टर्ड अंडर सैक्शन 60 विद रजिस्ट्रेशन नंबर (152/02-03-2020), एमएसएमई रजिस्ट्रेशन नंबर उद्यम -डीएल -0026470, नीति आयोग रजिस्ट्रेशन नंबर वीओ/ एनजीओ/0303274/25-01-2022 दर्पण रजिस्टर्ड

कार्यालय :- 3, प्रियदर्शिनी अपार्टमेंट, ए -4 पश्चिम विहार, न्यू दिल्ली 110063, कॉरपोरेट

कार्यालय :- 529, समयपुर, मेंन बवाना रोड, नियर बैंक ऑफ़ बड़ौदा दिल्ली 110042

# यंग भारतीय लड़कियों पर तेजी से अटैक कर रहा है ब्रेस्ट कैंसर! रिपोर्ट में सामने आए डरावने तथ्य

दुनिया भर में जिस कैंसर से महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं, वही कैंसर अब भारत में पहले से कहीं अधिक तेजी से पांव पसार रहा है. भारतीय महिलाओं, खासतौर से युवा लड़कियों और महिलाओं में, ब्रेस्ट कैंसर (स्तर कैंसर) के केस ज्यादा देखे जा रहे हैं. डॉक्टरों का कहना है कि 20 से 40 साल की युवा महिलाओं में स्तन कैंसर की घटनाएं काफी बढ़ रही हैं.



विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाला सबसे आम प्रकार का कैंसर है. साल 2020 में 20 लाख से ज्यादा महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला और 6 लाख से अधिक मरीजों की जान चली गई. ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस (Breast Cancer Awareness) को लेकर हो रहे तमाम सम्मेलनों और रिपोर्ट्स में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं.

### ब्रेस्ट कैंसर के क्या हैं शुरुआती लक्षण

स्तन कैंसर जागरूकता पर हाल ही में एक वेबिनार के दौरान फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल की मेडिकल ऑन्कोलॉजी की वरिष्ठ सलाहकार डॉ सफलता बाघमार ने कहा, 'स्तन कैंसर महिलाओं में पाए जाने वाले सबसे आम प्रकार के कैंसर के रूप में हेल्थ चार्ट में सबसे ऊपर है और हाल के दिनों में इसकी घटनाएं बढ़ी हैं. समय पर निदान और प्रभावी उपचार के लिए स्तन कैंसर के शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचानना बेहद जरूरी है. नई गांठें, स्तन की बनावट में बदलाव, त्वचा की अनियमितताएं, निपल से जुड़ी समस्याएं, निपल से खून आने जैसे बदलावों पर नजर रखना बेहद जरूरी है.'

डॉक्टर बाघमार ने कहा, 'इस बारे में खास बात यह भी याद रखनी चाहिए कि ये लक्षण जिनका जिक्र ऊपर किया गया है, वे गैर-कैंसरजन्य बीमारियों या कंडिशन्स से भी जुड़े हो सकते हैं. इसलिए, जब संदेह हो, तो जल्द से जल्द पता लगाने की कोशिश करनी चाहिए कि यह आखिर क्या है और सही इलाज करवाना चाहिए. वैसे मन की शांति के लिए भी बेहतर है कि पेशेवर मार्गदर्शन लें.' (यह भी पढ़ें– स्तन कैंसर से बचने के लिए 40 की उम्र के बाद जरूर कराएं स्क्रीनिंग)

नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च की नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत में स्तन कैंसर महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है. 2020 में, भारत में दो लाख से अधिक महिलाओं में स्तन कैंसर का इलाज होने का अनुमान लगाया गया था और अनुमान के अनुसार 76,000 से अधिक मौतें हुईं.' इसी रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में यह संख्या बढ़कर 2.3 लाख से अधिक होने की संभावना है.

गुरुग्राम के सीके बिड़ला अस्पताल में ऑन्कोलॉजी के प्रमुख सलाहकार और स्तन केंद्र के प्रमुख डॉ. रोहन खंडेलवाल ने बताया, 'भारत में, स्तन कैंसर की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, विशेष रूप से 20 के दशक के अंत और 30 के दशक की शुरुआत में युवा भारतीय महिलाओं में.





### साल 2030 तक स्तन कैंसर दोगुना!

भारत में, स्तन कैंसर सर्वाइकल (cervical cancer) और ओरल कैविटी कैंसर (Oral Cavity Cancer) को पीछे छोड़ते हुए सबसे आम कैंसर और कैंसर से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण बन गया है. अध्ययनों से संकेत मिलता है कि 2030 तक स्तन कैंसर के केस दोगुना होने की संभावना है. 20 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रोग का जल्द से जल्द पता लगाने के लिए नियमित स्तन जांच कराने की सलाह दी जाती है."

डॉक्टरों के अनुसार, स्तन कैंसर के 60 प्रतिशत मामलों का निदान आमतौर पर एडवांस स्टेज में किया जाता है, जिससे इलाज की दर कम हो जाती है. फिर भी, नियमित जांच से इलाज की दर 80-90 प्रतिशत तक बढ़ सकती है.

### स्तन कैंसर को लेकर कौन से टेस्ट कब करवाएं

कोच्चि के अमृता अस्पताल में रेडियोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी आर ने कहा कि किशोरों और 20 से 30 वर्ष की आयु के लोगों के लिए, अल्ट्रासाउंड इमेजिंग सबसे पहले करवाया जा सकता है, इसके बाद अगर आवश्यक हो तो मैमोग्राफी की जाती है. उन्होंने कहा, "30-40 वर्ष की महिलाएं मैमोग्राफी के साथ अल्ट्रासाउंड का विकल्प चुन सकती हैं. कंट्रास्ट-एन्हांस्ड मैमोग्राफी (सीईएम) प्रारंभिक पहचान के लिए एक एडवांस तकनीक है, खासतौर से तब जब मामला ज्यादा पेचीदा लग रहा हो. यह टेक्नोलॉजी एक प्रकार का प्रॉब्लम सॉल्वर है, और यहां तक कि कीमोथेरेपी प्रतिक्रिया मूल्यांकन के चरण और बाद में भी मदद करती है." (यह भी पढ़ें– सामान्य सूत्र प्रदूषण में लंग्स की गंदगी को करेंगे साफ)

उन्होंने कहा, "अगर मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और सीईएम में कुछ भी ऐसा लगे कि किसी नतीजे पर न पहुंचा जा रहा हो तो हमारे पास स्तन एमआरआई के साथ जाने का विकल्प है." डॉक्टरों ने अच्छा लाइफस्टाइल रूटीन अपनाने, हार्ट हेल्थ पर ध्यान देने, पौष्टिक खान-पान पर ध्यान देने और शारीरिक रूप से एक्टिव लाइफ स्टाइल रखने की सलाह दी।

> भारत में, स्तन कैंसर सर्वाइकल (cervical cancer) और ओरल कैविटी कैंसर (Oral Cavity Cancer) को पीछे छोड़ते हुए सबसे आम कैंसर और कैंसर से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण बन गया है. अध्ययनों से संकेत मिलता है कि 2030 तक स्तन कैंसर के केस दोगुना होने की संभावना है. 20 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रोग का जल्द से जल्द पता लगाने के लिए नियमित स्तन जांच कराने की सलाह दी जाती है."

## महिलाओं के लिए पीली किशमिश अधिक फायदेमंद या काली किशमिश? एक्सपर्ट ने कंफ्यूजन को किया दूर, बताए 5 चमत्कारी लाभ




किशमिश सेहत के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है. खासतौर पर महिलाओं के लिए. यदि आप किशमिश को भिगोकर खाते हैं तो इसका आपको दोगुना लाभ प्राप्त हो सकता है. हालांकि, इसका लाभ लेने के लिए महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज में आती हैं कि उन्हें पीली किशमिश खाना चाहिए या काली किशमिश. जी हां, एक्सपर्ट के मुताबिक, काली किशमिश महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद होती है. यह न सिर्फ प्रेग्नेंसी बल्कि यौन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए भी असरदार मानी जाती है. यह इतनी कारगर है कि इसका पानी भी सेहत के लिए चमत्कार की तरह काम कर सकता है. आइए डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज दिल्ली की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. ज्योति यादव से जानते हैं काली किशमिश के चमत्कारी लाभ-

**महिलाओं के लिए काली किशमिश के 5 चमत्कारी लाभ**

**यौन स्वास्थ्य बेहतर बनाए:** एक्सपर्ट के मुताबिक, महिलाओं के लिए काली किशमिश अधिक फायदेमंद होती है. बता दें कि, काली किशमिश में अमीनो एसिड पर्याप्त मात्रा में होता है, जो यौन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है. दरअसल, अमीनो एसिड संभावित रूप से गर्भधारण की संभावना को भी बढ़ा सकता है. इनमें एल-आर्जिनिन की मौजूदगी गर्भाशय और अंडाशय में ब्लड फ्लो को बढ़ा सकती है.

**सर्दियों में सेहत के लिए रामबाण है मूंगफली**

सर्दियों में सेहत के लिए रामबाण है मूंगफलीआगे देखें...

**प्रजनन क्षमता बढ़ाए:** महिलाओं को काली किशमिश अपनी डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए. दरअसल, प्रजनन क्षमता को बढ़ाने के लिए काली किशमिश का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है. इसके लिए इसे रातभर भीगने दें और अगले दिन छान लें. इसके बाद किशमिश को पीसकर उसका रस निकाल लीजिए. फिर आप इस मिश्रण को पी सकते हैं.

**प्रेग्नेंसी में करें सेवन:** काली किशमिश को गर्भावस्था के दौरान अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए. गर्भावस्था के दौरान काली किशमिश को पानी में भिगोने से कब्ज से प्रभावी रूप से राहत मिल सकती है. इसके अलावा काली किशमिश के पानी को डाइट में शामिल करने से गर्भवती महिलाओं को कई लाभ मिल सकते हैं. इसके अलावा, इसका नियमित सेवन एनीमिया को रोकने और हीमोग्लोबिन लेवल को बनाए रखने में मदद कर सकता है.

**स्किन के लिए फायदेमंद:** विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से युक्त काली किशमिश स्किन को पोषण देने का काम करती है. बता दें कि, इसके डिटॉक्सिफाइंग और एंटी-एजिंग गुण त्वचा को साफ, चमकदार और लंबे समय तक जवां बनाए रखने में मदद करते हैं. इसके अलावा, विटामिन सी मुंहासे को रोकने में भी मदद करता है. इसका लाभ लेने के लिए रोज एक कप पानी में 8-10 काली किशमिश भिगोकर इसका पानी खाली पेट पीना चाहिए.


**इम्यूनिटी मजबूत करे:** गर्भावस्था के दौरान इम्यून सिस्टम में बदलाव आते हैं. कई विटामिन और मिनरल से भरपूर काली किशमिश का पानी, इम्यून सिस्टम को मजबूत कर सकता है, जो सामान्य बीमारियों और इंफेक्शन से सुरक्षा प्रदान करता है. वहीं, काली किशमिश के पानी में मौजूद पोटेशियम ब्लड प्रेशर लेवल को स्थिर बनाए रखने में योगदान देता है, जिससे इन कॉम्प्लीकेशन्स की संभावना कम हो जाती है.

# 40+ के बाद अपनी लाइफस्टाइल में एड करें ये हैल्दी डाइट, रहेंगी हमेशा फिट एंड फाइन



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है शरीर के अंग कमजोर होने लगते हैं. ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप कम उम्र से ही पोषक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन करें. साथ ही बढ़ती उम्र में भी उन सभी विटामिंस, मिनरल्स आदि को डाइट में शामिल करें, जो संपूर्ण सेहत के लिए जरूरी होते हैं. आपको बुजुर्गावस्था में बीमारियों से बचाए रखें. यह बात महिलाओं पर भी लागू होता है. खासकर, जब आपकी उम्र 40 पार हो रही हो तो आयरन, ओमेगा-3, प्रोटीन आदि से भरपूर चीजों का सेवन जरूर करें. अक्सर महिलाओं को पता नहीं होता है कि उन्हें 40 वर्ष की उम्र में कौन-कौन से जरूरी न्यूट्रिएंट्स को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए. आइए जानते हैं न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा से, जिन्होंने हाल ही में 40 वर्ष की उम्र की महिलाओं के लिए कुछ आवश्यक न्यूट्रिएंट्स के बारे में एक महत्वपूर्ण पोस्ट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. जानें, उनके अनुसार आपको इस उम्र के पड़ाव में क्या-क्या डाइट में शामिल करना चाहिए.

**1. प्रोटीन**



न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा का कहना है कि महिलाओं को 40 वर्ष की उम्र में प्रोटीन का सेवन जरूर करना चाहिए. इस उम्र में मेनोपॉज होने के पहले कई तरह के हॉर्मोनल बदलाव भी होते हैं. कई बार शरीर में फैट बढ़ जाता है, लीन मसल मास में कमी आ जाती है, जो बाद में उनके दीर्घायु को प्रभावित कर सकता है. ऐसे में बेहद जरूरी हो जाता है कि आप प्रोटीन का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें. यह लीन मसल्स के नुकसान को रोकने में मदद कर सकता है.

5 आदतों को डेली लाइफ में शामिल करें महिलाएं, खूबसूरती में आएगा निखार, बन जाएंगी अट्रैक्टिव पर्सनैलिटी

**2. बी विटामिन**

40 से अधिक की उम्र वाली महिलाओं के लिए बी-विटामिन श्रृंखला वाले विटामिंस भी बेहद जरूरी हैं. आप जो भी खाती हैं, उस भोजन के द्वारा ऊर्जा प्राप्त करने या बनाने के लिए आपके शरीर द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया में ये बी-विटामिन काफी मदद करते हैं. साथ ही लाल रक्त कोशिकाओं को भी बनाने में मदद करते हैं.

**3.कैल्शियम**

जैसे-जैसे महिलाओं की उम्र बढ़ती है, उनकी हड्डियों की डेंसिटी कम होने लगती है और कैल्शियम हड्डियों को मजबूत रखता है. कैल्शियम के सेवन से ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम किया जा सकता है. यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें हड्डियां भंगुर (brittle) हो जाती हैं. कैल्शियम की जरूरत मांसपेशियों के संकुचन, नर्व, हार्ट के कामकाज और अन्य जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं जैसे शरीर के अन्य बुनियादी कार्यों के लिए भी होती है. यदि आप अपनी डाइट में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम शामिल नहीं करती हैं तो शरीर आपकी हड्डियों से कैल्शियम चुराने लगता है, जिससे हड्डियां धीरे-धीरे कमजोर होने लगती हैं.

**4. विटामिन डी**

महिलाओं के लिए विटामिन डी भी बेहद जरूरी है. यह कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है, इसलिए इसका ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि आप 40 की उम्र में आकर विटामिन डी भरपूर लें. साथ ही, विटामिन डी डायबिटीज, हृदय रोग सहित अन्य समस्याओं को कम करने में भी बेहद फायदेमंद होता है.

**5. आयरन**

क्या आप जानती हैं कि आपके शरीर को हीमोग्लोबिन बनाने के लिए आयरन की आवश्यकता होती है? यह एक ऐसा पदार्थ है, जो आपके लाल रक्त कोशिकाओं में मौजूद होता है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाता है. 40 की उम्र ज्यादातर महिलाओं के लिए पेरिमेनोपॉज पीरियड का होता है. ऐसे में आयरन की कमी होने से आपको एनीमिया होने का जोखिम बढ़ सकता है. आयरन रिच डाइट आज से लेना शुरू कर दें.

**6. ओमेगा-3 फैटी एसिड्स**

माना जाता है कि ओमेगा-3 फैटी एसिड्स कॉग्निशन और हार्ट की सेहत में सुधार करते हैं. ये लाभकारी फैट शरीर के कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर को भी सामान्य और नियंत्रित करते हैं. तो आप यदि 40 की हो चुकी हैं तो बेहद जरूरी है कि आप ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर फूड्स का सेवन करें.

> महिलाएं अक्सर अपने खानपान का ध्यान नहीं रखती हैं. अगर आपकी उम्र 40 की हो गई है तो आपको कुछ जरूरी पोषक तत्वों को डेली डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए. खासकर ओमेगा-3, प्रोटीन आदि से भरपूर चीजों का सेवन जरूर करें. इससे आप हार्ट डिजीज, ऑस्टियोपोरोसिस, खून की कमी जैसी समस्याओं से बची रह सकती हैं.

# गिरफ्तारी पर जेल से सरकार चलाएं या अरविंद केजरीवाल इस्तीफा दें, जनता की राय लेने के लिए आप का हस्ताक्षर अभियान शुरू

परिवहन विशेष न्यूज

दिल्ली की आप सरकार ने अपने हस्ताक्षर मैं भी केजरीवाल अभियान शुक्रवार से शुरुआत कर दी है। इस अभियान में आप नेता दिल्ली नगर निगम के सभी वार्डों में घर-घर जाकर लोगों से पूछ रहे हैं कि क्या केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा देना चाहिए या जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। साथ ही आप नेता लोगों को बता रहे हैं कि शराब घोटाला फर्जी है।



**नई दिल्ली।** दिल्ली की आप सरकार ने अपने हस्ताक्षर मैं भी केजरीवाल अभियान शुक्रवार से शुरुआत कर दी है। इस अभियान में आप नेता दिल्ली नगर निगम के सभी वार्डों में घर-घर जाकर लोगों से पूछ रहे हैं कि क्या केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा देना चाहिए या जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। साथ ही आप नेता लोगों को बता रहे हैं कि शराब घोटाला फर्जी है।

**बुकलेट में दर्ज किया लोगों का ब्योरा**

इस अभियान में दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लक्ष्मी नगर स्थित गणेश नगर वार्ड में मैं भी केजरीवाल अभियान की शुरुआत करते हुए घर-घर जाकर लोगों से पूछा कि क्या मोदी जी भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। क्या केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए या जेल से ही सरकार चलानी चाहिए है।

इन सभी सवालों के जवाबों और हर घर का ब्योरा एक बुकलेट में दर्ज किया जा रहा है। साथ ही गोपाल राय ने लोगों शराब घोटाले के बारे में जानकारी देते हुए बता रहे हैं कि यह घोटाला फर्जी है।

**20 दिन चलेगा आप का अभियान**

शुक्रवार से शुरू हुआ आप का 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान 20 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान में आप सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारी दिल्ली के 2600 पोलिंग स्टेशनों में घर-घर जाएंगे और लोगों से चर्चा कर उनकी राय जानेंगे। फिर 21 से 24 दिसंबर तक विधायक और पार्षद सभी वार्डों में जनसंवाद करके भी जनता की राय लेंगे।

इस अभियान की जानकारी देते हुए गोपाल राय ने कहा कि आप सरकार जिस तरह से दिल्ली में काम कर रही है, उसे देखकर भाजपा के शीर्ष नेताओं और पीएम को लगने लगा है कि दिल्ली में किसी भी कीमत पर भाजपा अपनी सरकार नहीं बना सकती। लिहाजा किसी भी तरह से अरविंद केजरीवाल को खत्म किया जाए और आप के बढ़ते कारवां को रोक दिया जाए।

इसी के तहत फर्जी शराब घोटाले का केस बनाकर आप के एक-एक नेता को जेल में बंद करने का सिलसिला शुरू किया है। उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, मंत्री रहे सत्येंद्र जैन को जेल में बंद किया गया। अब केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी हो रही है। इसके पीछे भाजपा का मकसद है कि केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा तो दिल्ली की सरकार गिराई जा सकती है और आप को तोड़कर उसे खत्म किया जा सकता है।

**तैयार किया गया पम्पलेट**

पार्टी ने एक पम्पलेट तैयार किया है, जो घर-घर जाकर लोगों को दिया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता लोगों के साथ पम्प लेट में कही गई बातों पर चर्चा करेंगे कि आखिर तथाकथित शराब घोटाला फर्जी कैसे है? अरविंद केजरीवाल को मोदी जी क्यों गिरफ्तार करना चाहते हैं? क्या पीएम अरविंद केजरीवाल के काम का मुकाबला कर सकते हैं या नहीं? क्या पीएम भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं? आखिर में लोगों से पूछा जाएगा कि अगर गिरफ्तारी होती है तो क्या अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं देना चाहिए?

**भाजपा जानती है कि केजरीवाल के हाथों ही उसकी गंदी राजनीति समाप्त होगी: चड्ढा**

राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा पूरे देश में केवल अरविंद केजरीवाल को अपनी चुनौती समझती है। भाजपा अच्छी तरह जानती है कि केजरीवाल के हाथों ही उसकी गंदी राजनीति समाप्त होगी। भाजपा को लगता है कि अगर अरविंद केजरीवाल को किसी फर्जी मुकदमे में गिरफ्तार करने में सफल होते हैं तो आप खत्म हो जाएगी और दिल्ली सरकार ठप हो जाएगी। लेकिन ऐसा कतई नहीं होगा।

# दिल्ली में अब ये 607 दुकानें खुलेंगी 24 घंटे सात दिन, एलजी ने दी मंजूरी; इन चीजों की हो सकेगी खरीदारी



दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने श्रम विभाग के 83 नए प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खुले रहने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन 83 आउटलेट्स प्रतिष्ठानों की सूची में रिटेल फैशन ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स और फूड के कई प्रमुख ब्रांड शामिल हैं। एलजी ने यह मंजूरी दिल्ली दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम 1954 की धारा 14 15 एवं 16 के तहत दी है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने श्रम विभाग के 83 नए प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खुले रहने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन 83 आउटलेट्स प्रतिष्ठानों की सूची में रिटेल, फैशन, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और फूड के कई प्रमुख ब्रांड शामिल हैं।

एलजी ने यह मंजूरी दिल्ली दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, 1954 की धारा 14, 15 एवं 16 के तहत दी है।

अक्टूबर 2022 के बाद से यह चौथा ऐसा प्रस्ताव है जिसे एलजी ने मंजूरी दे दी है। अक्टूबर 2022 में उन्होंने पहली बार 314 प्रतिष्ठानों को 24x7 के आधार पर काम करने की छूट दी थी, इसके बाद इस साल अप्रैल और जून में क्रमशः 55 और 155 प्रतिष्ठानों को छूट दी गई थी।

अब इन नई 83 स्वीकृतियों के साथ राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न स्थानों पर कुल 607 दुकानें और प्रतिष्ठान चौबीसों घंटे खुले रहेंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति देंगे।

एलजी ने इसकी सराहना की है कि पहले की तुलना में अब तेजी से आवेदनों को मंजूरी मिल रही है। 2022 में भी 2016 से लंबित आवेदनों को मंजूरी मिली थी।

# दिल्ली से पटना जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट में सात घंटे की देरी, कर्मचारियों के साथ यात्रियों की नोकझोंक



पटना जाने वाली स्पाइसजेट के विमान में सात घंटे से ज्यादा की देरी होने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों और कर्मचारियों की बीच जमकर हंगामा देखने को मिला है। फ्लाइट में देरी के चलते यात्री काफी परेशान हुए इसके बाद कर्मचारियों के साथ काफी बहस भी हुई। घटना की सूचना मिलते ही क्यूआरटी के साथ मिलकर मामले को शांत कराया गया।

**नई दिल्ली।** दिल्ली से बिहार के अलग-अलग जगहों पर जाने वाली फ्लाइट्स में देरी का सिलसिला जारी है। फ्लाइट में देरी के कारण कर्मचारी और यात्रियों के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने मामले को शांत कराया।

**देरी के चलते यात्री हुए परेशान**

शुक्रवार को पटना जाने वाली स्पाइसजेट फ्लाइट में देरी होने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों और कर्मचारियों की बीच जमकर हंगामा देखने को मिला है। फ्लाइट में देरी के चलते यात्री काफी परेशान हुए, इसके बाद कर्मचारियों के साथ काफी बहस भी हुई।

**एयरपोर्ट अथॉरिटी ने शांत कराया मामला**

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि आज दोपहर पता चला कि आज दोपहर 03:10 बजे स्पाइसजेट की पटना जाने वाली फ्लाइट SG-8721/STD के यात्रियों और कर्मचारियों में बहस हो गई। पूछने पर पता चला कि उड़ान में सात घंटे से ज्यादा की देरी हुई। इसपर एयरलाइंस के कर्मचारियों के साथ उपद्रव करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर क्यूआरटी के साथ मिलकर मामले को शांत कराया गया।

**दरभंगा जाने वाली फ्लाइट को लेकर भी बवाल**

खास बात है कि पिछले कुछ दिनों में स्पाइसजेट की नई दिल्ली से दरभंगा जाने वाली उड़ान में रोजाना विलंब की स्थिति देखने को मिली थी। कई दिनों की बात की जाए विमान ने एक भी दिन तय समय में उड़ान नहीं भरी। इंटरनेट मीडिया पर एक व्यक्ति ने आईजीआई एयरपोर्ट (IGI Airport) का एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उड़ान में हो रहे विलंब की स्थिति के बीच यात्री स्पाइसजेट कर्मियों को खरीखोटी सुनाते नजर आ रहे हैं।

# रामलीला मैदान में महापंचायत के लिए दिल्ली पुलिस ने दी अनुमति, इन शर्तों पर हो सकेगा आयोजन

दिल्ली के रामलीला मैदान में 18 दिसंबर को अखिल भारतीय मुस्लिम महापंचायत के आयोजन की दिल्ली पुलिस ने अनुमति दे दी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि आयोजन की अनुमति इस शर्त पर दी गई है कि रैली में प्रतिभागियों की भीड़ प्रस्तावित दस हजार व्यक्तियों से ज्यादा नहीं होगी और न ही वक्ताओं के नाम व संख्या में बदलाव किया जाएगा।




**नई दिल्ली।** रामलीला मैदान में 18 दिसंबर को अखिल भारतीय मुस्लिम महापंचायत के आयोजन की दिल्ली पुलिस ने मिशन सेव कॉन्स्टिट्यूशन नामक संगठन को अनुमति दे दी है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ के समक्ष दिल्ली पुलिस ने कहा कि आयोजन की अनुमति इस शर्त पर दी गई है कि रैली में प्रतिभागियों की भीड़ प्रस्तावित दस हजार व्यक्तियों से ज्यादा नहीं होगी और न ही वक्ताओं के नाम व संख्या में बदलाव किया जाएगा।

**भड़काऊ भाषण देने पर रोक**

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि महापंचायत में किसी भी तरह के भड़काऊ भाषण नहीं दिया जाएगा। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को रिकार्ड पर लेते हुए अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि कोई भी अन्य विभाग 18 दिसंबर को आयोजन या मैदान की उपलब्धता पर कोई आपत्ति नहीं उठाएगा। संगठन ने कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी।

**न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि इस तरह का कृत्य न केवल एक व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए गहरा आघात है।**

# शादी की आड़ में लड़कियों का यौन उत्पीड़न और पढ़ाई छोड़ने के लिए किया जाता है मजबूर, दिल्ली हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

दिल्ली हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि लड़कियों के साथ शादी की आड़ में यौन उत्पीड़न किया जाता है और इसके कारण पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर करने के साथ ही करियर बनाने के अवसर से वंचित किया जाता है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि इस तरह का कृत्य न केवल एक व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए गहरा आघात है।




**नई दिल्ली।** नाबालिग लड़कियों के अपहरण की बढ़ती घटनाओं से जुड़े मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि लड़कियों के साथ शादी की आड़ में यौन उत्पीड़न किया जाता है और इसके कारण पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर करने के साथ ही करियर बनाने के अवसर से वंचित किया जाता है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि इस तरह का कृत्य न केवल एक व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए गहरा आघात है।

अदालत ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे प्रकरण में परेशान करने वाला तथ्य यह है कि दोषी अपीलकर्ता ने नाबालिग पीड़िता को अपनी पढ़ाई छोड़ने, भाग जाने और उससे शादी करने के लिए राजी किया था, जबकि वह पहले से ही शादीशुदा था और उसके दो बच्चे थे। अदालत ने यह भी कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि नाबालिग कम उम्र की थी और अपराध के कारण उसे अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

**महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा अनिवार्य**

दोषी की दोष सिद्धि के निर्णय को बरकरार रखते हुए अदालत ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित चर्चाओं में शिक्षा को एक मौलिक स्तंभ के रूप में मान्यता दी गई है। हालांकि इस तरह की घटनाएं एक लड़की को अपनी पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर करती हैं और सशक्तिकरण की अवधारणा से समझौता होता है। इससे बड़े पैमाने पर समाज को परिणाम भुगतना पड़ता है। उक्त टिप्पणी के साथ अदालत ने दुष्कर्म और पॉक्सो के तहत दोषी करार दिए गए अपीलकर्ता तस्लीम अली की याचिका को खारिज कर दिया।

**सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा एक धागा**

पीड़ित लड़की की उम्र 18 साल से कम होने की अपीलकर्ता की दलील को अदालत ने ठुकरा दिया। अदालत ने कहा कि सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा एक धागे के रूप में कार्य करती है और पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर करने वाली ऐसी घटनाओं से यह धागा टूट जाता है। अदालत ने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाओं के परिणाम व्यक्तिगत के साथ ही सामाजिक स्तर पर भी पड़ते हैं।

**शादीशुदा होने के बाद भी नाबालिग से शादी**

अपीलकर्ता मोहम्मद तस्लीम अली को 14 वर्षीय लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के लिए निचली अदालत ने दोषी करार देते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने पाया था कि शादीशुदा और दो बच्चों का पिता होने के बावजूद भी उसने नाबालिग पीड़िता से शादी की थी। पीड़िता ने बताया था कि वह और दोषी उसके पूछने पर अपना नाम बदलकर और नकली पहचान बनाकर किराए के मकान में रह रहे थे। पीड़िता पर तस्लीम पर बगैर उसकी सहमति के शारीरिक संबंध बनाने का भी आरोप लगाया था।

# तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी, बचाव पक्ष के वकील ने किया विरोध; आप एमएलए की है कथित संलिप्तता



दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती प्रक्रिया में कथित तौर पर अनियमितता के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों की न्यायिक हिरासत दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी। इस मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान की कथित संलिप्तता की बात कही जा रही है। आरोपियों के वकील नीतेश राणा ने आवेदन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आरोपियों को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती प्रक्रिया में कथित तौर पर अनियमितता के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी गई है। इस मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान की कथित संलिप्तता की बात कही जा रही है।

विशेष जज विकास ढुल ने तीन आरोपियों जीशान हैदर, दाऊद नासिर और जावेद इमाम सिद्दिकी की न्यायिक हिरासत 15 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। सरकारी जांच एजेंसियों ने कोर्ट में आवेदन देकर बताया था कि मामले में जांच चल रही है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं आरोपियों के वकील नीतेश राणा ने आवेदन का विरोध किया और कहा कि रिमांड आवेदन मनगढ़ंत है और हिरासत को बढ़ाए जाने का कोई तर्क मौजूद नहीं है। राणा ने कहा कि आरोपियों को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।

**अमानतुल्लाह खान ने अवैध तरीके से की नियुक्ति**

एफआईआर के मुताबिक, दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान ने नियमों और सरकारी गाइडलांइस का उल्लंघन कर 32 लोगों को नियुक्त किया। बता दें, दिल्ली की एक अदालत ने बीते शनिवार को आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था और कहा था कि आरोपियों की 14 दिन की हिरासत की मांग करने वाले ईडी के आवेदन पर बहस में लंबा समय लगेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर में 10 साल के बच्चे की मौत, शव देखने रुके तीन वाहन की आपस में हो गई भिड़ंत

परिवहन विशेष न्यूज

**गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह किसी अज्ञात वाहन ने दस साल के एक बच्चे को टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई। वहीं कुछ देर बाद सड़क पर बच्चे का शव देख एक कार चालक ने अपनी कार रोकी। तभी पीछे से एक कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। दोनों कार चालक कुछ समझ पाते तभी तीसरी कार भी टकरा गई।**

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार सुबह एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन ने दस साल के एक बच्चे को टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई।

वहीं कुछ देर बाद सड़क पर बच्चे का शव देख एक कार चालक ने अपनी कार रोकी। तभी पीछे से एक कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। दोनों कार चालक कुछ समझ पाते, तभी तीसरी कार भी टकरा गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। मृतक बच्चे की पहचान दस वर्ष वर्षीय समद पुत्र आरिफ निवासी सिकरोड के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे गाजियाबाद से मेरठ जाने वाली लेन पर डासना जेल चौकी क्षेत्र में यह हादसा हुआ। सिकरोड निवासी आरिफ का बेटा समद अपने दोस्त के साथ एक्सप्रेस वे पर पहुंच गया। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को देखने रुके तीन वाहन इसी बीच आपस में भिड़ गए। हादसे में कार सवार कोई घायल नहीं हुआ है।

**तीनों कार चालक जा रहे थे मेरठ**

पुलिस के मुताबिक तीनों कार चालक मेरठ जा रहे थे। तीनों कारों के वाहन स्वामी आलोक श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना एवं जाहिद हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों कारों को सड़क किनारे लगवाने के बाद हटाया। जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां पैदल लोगों की आवाजाही नहीं होती है।

**हादसे के बाद वाहनों की रफ्तार थमी**

एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह हादसे के बाद वाहनों की रफ्तार थम गई। गाजियाबाद से मेरठ जाने वाली लेन पर जिस स्थान पर शुक्रवार को हादसा हुआ। उससे कुछ ही दूरी पर बीते सप्ताह दिल्ली के रहने वाले दो स्कूटी सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शाहदरा के रहने वाले युवक की हादसे में मौत हो गई थी। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया था।

**सड़क हादसे की जांच के लिए यातायात निरीक्षक को भेजा गया था। जांच में पाया गया कि छोटा बच्चा एक्सप्रेस पर स्वजन की लापरवाही से पहुंचा। तेज रफ्तार एक्सप्रेस वे पर पैदल, तिपहिया एवं दोपहिया पर पाबंदी है। - रामानंद कुशवाहा, एडीसीपी यातायात**



# ग्रेनो प्राधिकरण ने 13 विकास कार्यों के लिए 30 करोड़ के टेंडर निकाले, जानिए कहां-कहां खर्च होंगे पैसे




**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रोड सीवर नाली व जलापूर्ति से जुड़े 13 कार्यों के लिए टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर ये कार्य शुरू कराए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा में निर्माण व अनुरक्षण के कार्यों को तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग ने कई कार्यों के लिए टेंडर निकाल दिए हैं।**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रोड, सीवर, नाली व जलापूर्ति से जुड़े 13 कार्यों के लिए टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर ये कार्य शुरू कराए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा में निर्माण व अनुरक्षण के कार्यों को तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने कई कार्यों के लिए टेंडर निकाल दिए हैं।

**यहां बनेंगे पंपिंग स्टेशन**

प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन तथा कासना छह प्रतिशत आबादी से उत्सर्जित होने वाले सीवेज को पंपिंग कर एसटीपी तक पहुंचाने के लिए पंपिंग स्टेशन का निर्माण, देखरेख एवं संचालन करने के लिए 4.26 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए हैं।

ग्रेटर नोएडा के जोन एक के सेक्टरों व गांवों, मसलन अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, नालेज पार्क वन, टू, थ्री, तुगलपुर, रामपुर, नवादा आदि में तीन साल तक सीवरेज सिस्टम के रखरखाव व संचालन के लिए 5.96 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं।

**जलापूर्ति के लिए बिछेंगी लाइनें**

सेक्टर म्यू टू, ज्यू टू, ओमीक्रोन वन ए, ग्राम घोड़ी-बछेड़ा और ईकोटेक 9, 10, 11 व ग्राम, सिरसा, लड़पुरा मायचा तथा सादोपुर व बादलपुर के आंतरिक सीवरेज सिस्टम का तीन वर्ष तक देखरखे के लिए 5.32 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर टेकजोन चार व सेक्टर एक में जलापूर्ति वितरण लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने के लिए लगभग 1.67 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किए गए हैं। इस तरह कुल 13 कार्यों के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरा कर नए साल से शुरुआत करने की तैयारी है।

# आरडब्ल्यूए अध्यक्ष की हत्या, हथियार के साथ आधे घंटे तक सड़कों पर घूमता रहा आरोपी; लिफ्ट ली और ऑटो से पहुंचा हापुड़

परिवहन विशेष न्यूज

**ग्रेटर नोएडा वेस्ट के फार्म हाउस में आरडब्लूए अध्यक्ष अशोक यादव की हत्या के बाद हाथ में हथियार लेकर आरोपित शेखर सड़कों पर आधा घंटा तक घूमता रहा था। पुलिस घटना के दस मिनट बाद ही मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद भी आरोपित पैदल ही मौके से भाग निकला। आरोपी ने हापुड़ के लिए ऑटो लिया और अपने दोस्त के ठिकाने पर पहुंच गया।**




**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के फार्म हाउस में आरडब्लूए अध्यक्ष अशोक यादव की हत्या करने के बाद हाथ में हथियार लेकर आरोपित शेखर शहर की सड़कों पर आधा घंटा तक घूमा था। पुलिस घटना के दस मिनट बाद ही मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद भी आरोपित पैदल ही मौके से भाग निकला। फार्म हाउस से बाहर आने के बाद उसने बाइक सवार युवक से बिसरख गोलचक्कर तक के लिए लिफ्ट ली। वहां से उसने हापुड़ के लिए ऑटो लिया और हापुड़ रोड पहुंचकर अपने दोस्त के ठिकाने पर पहुंच गया।

हापुड़ में दोस्त के ठिकाने पर ही उसने दो दिन की फरारी काटी। पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि वह योजना के तहत अशोक की हत्या करने के लिए शादी समारोह में पहुंचा था। आरोपित शेखर और विनोद भी आपस में समधी है। विनोद ने ही विवाद के दौरान आरोपितों को उकसाया था कि अशोक को मारो। यह बात अशोक के बेटे ने पुलिस को बताई है। इसी आधार पर केस में विनोद को भी नामजद किया गया है। बता दें कि सोमवार रात विनोद यादव की बेटी की शादी के दौरान शेखर ने अशोक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**मुखबिर तक नहीं पहुंच पाई पुलिस**

पुलिस अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि हत्याकांड में मुखबिरी किसने की है। घटना वाली रात जैसे ही अशोक शादी समारोह में पहुंचे थे, उसके पांच मिनट बाद ही आरोपित शेखर भी वहां आ गया था। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बिना मुखबिरी के आरोपित को अशोक की लोकेशन का पता लगा हो। हालांकि पुलिस अभी मुखबिर तक नहीं पहुंच पाई है।

## शादी की तैयारी, दरवाजे पर पहुंची बरात; दो बदमाश आए और दूल्हे के पिता से...

*साहिबाबाद के टीला मोड़ में एक घर में शादी की तैयारी चल रही थी। 27 नवंबर को भोपुरा की डिफेंस कॉलोनी में बरात आई थी। सभी रात करीब 11 बजे फार्म हाउस की तरफ जा रहे थे। रास्ते में काली बाइक पर और दो लुटेरों ने उनके हाथ से बैग लूट लिया। घटना स्थल और उसके आप पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।*

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी में फार्म हाउस की तरफ जा रहे दूल्हे के पिता से लुटेरों ने रूपये से भरा बैग लूट लिया। बाइक सवार दो बदमाश लूट कर भोपुरा की तरफ भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दिल्ली नजफगढ़, गोपाल नगर के कर्मवीर सिंह ने बताया कि उनके बेटे की 27 नवंबर को भोपुरा की डिफेंस कॉलोनी में बरात आई थी। सभी रात करीब 11 बजे फार्म हाउस की तरफ जा रहे थे। रास्ते में काली बाइक पर और दो लुटेरों ने उनके हाथ से बैग लूट लिया। बैग की तनी उनके हाथ में रह गई। लुटेरे बैग लूटकर भोपुरा की और भागे। पीड़ित ने शोर मचाते हुए कुछ दूर पीछा किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आए। उन्होंने बताया कि बैग में डेढ़ लाख से ज्यादा रुपये थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## पति के घर से जाते ही पीछे के दरवाजे से पत्नी के पास पहुंच जाता था शख्स, रात में दोनों के बीच हुआ ऐसा कि...

**गुरुग्राम में एक शख्स द्वारा ब्लैकमेल किए जाने से परेशान होकर एक महिला ने अपनी जान दे दी। आरोपी महिला के पति के काम पर जाने के बाद पीछे से आरोपी घर में घुस आता था और महिला को परेशान करता था। मृतका की पहचान शांति नगर निवासी अनुराधा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से शराब की बोतल और सिगरेट बरामद किए।**

**गुरुग्राम।** पति के काम पर जाने के बाद पीछे से घर में आने वाले युवक से परेशान होकर शांति नगर में एक महिला ने गुरुवार को आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान शांति नगर निवासी अनुराधा के रूप में हुई है।

मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि मोहम्मदपुर झाड़सा निवासी किरण पाल उसकी बेटी को ब्लैकमेल करता था। इसके चलते बेटी ने आत्महत्या की है। पिता की शिकायत पर शिवाजी नगर थाना पुलिस ने आरोपित को नामजद करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ओम नगर निवासी कमल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अनुराधा की शादी संतोष साहनी से की थी। दामाद मानेसर स्थित एक एक्सपोर्ट कंपनी में काम करता है। उनका आरोप है कि दामाद के काम पर जाने के बाद किरण पाल घर पर आता था। इसको लेकर बेटी के ससुराल वालों ने विरोध करते हुए उसे घर पर आने से मना किया था। इसके बाद बावजूद उसने घर पर आना बंद किया।

**कमरे से शराब की बोतल और सिगरेट बरामद**

उनका आरोप है कि बुधवार रात को बेटी के पास फोन किया था। फोन पर उसने बेटी को इतना परेशान कर दिया कि उसने मजबूर होकर आत्महत्या कर ली। आरोपित बेटी को ब्लैकमेल करता था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे से शराब की बोतल और सिगरेट बरामद की है। पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# फिर सामने आया मायावती का 'तिलक-तराजू और तलवार' विरोधी चेहरा

अजय कुमार

**बसपा सुप्रीमो मायवती हमेशा दलितों के पक्ष में उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड आदि राज्यों में खुलकर जातिवादी राजनीति करती हैं। बेशक उनकी ताकत यह वोटबैंक है, लेकिन उन्हें अब तक यूपी की सत्ता तभी मिली है, जब सवर्णों ने उनका साथ दिया।**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में धर्म का तड़का कोई नई बात नहीं है। धर्म के नाम पर कांग्रेस, सपा, बसपा जैसी पार्टियां मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत करती हैं तो भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर हिन्दू वोटरों को एकजुट करने की कोशिश में लगी रहती है। यह कहना अतिशियोक्ति नहीं होगी कि मौजूदा दौर में यूपी के अंदर सभी राजनैतिक दल और उसके नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए कहीं न कहीं समाज के बीच धार्मिक विद्वेष फैलाकर इनके बीच खाई पैदा करने का काम ठीक वैसे ही कर रहे हैं, जैसे कभी बीजेपी ने 'रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनवायेंगे का और बसपा ने 'तिलक-तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार' का एवं समाजवादी पार्टी ने '80 हराओ, बीजेपी हटाओ' का नारा दिया था। बीएसपी के संस्थापक कांशीराम को तो मानो चुनावी नारे गढ़ने में महारथ हासिल थी। उन्होंने बसपा के साथ पिछड़ों और दलितों को लाने के लिए नारा दिया था 'ठाकुर बामन बनिया छोड़, बाकी सब हैं डीएस-फोर'। देखा जाये तो एक तरफ नारों से वोटरों को अपनी तरफ खींचा जाता है।

वोटरों को लुभाने के लिए हमारे नेता विवादित भाषा बोलने से भी परहेज नहीं करते हैं। तमिलनाडु सरकार में मंत्री डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे, बिहार सरकार के मंत्री चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की सनातन धर्म के विरुद्ध मुखरता सबने सुनी है। इसी तरह बसपा का भी मौन मिशन सनातन धर्म के खिलाफ लगातार चल रहा है। पार्टी की अधिकृत वेबसाइट पर 'सच्ची रामायण की चाभी' नाम से वह पुस्तक अपलोड है, जिसमें भगवान विष्णु, श्रीराम, माता सीता आदि पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं।

वैसे यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बसपा सुप्रीमो मायवती हमेशा दलितों के पक्ष में उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड आदि राज्यों में खुलकर जातिवादी राजनीति करती हैं। बेशक उनकी ताकत यह वोटबैंक है, लेकिन उन्हें अब तक यूपी की सत्ता तभी मिली है, जब सवर्णों ने उनका साथ दिया। मायावती इसे जानती हैं, इसीलिए उनकी पार्टी एक तरफ 'तिलक, तराजू और तलवार इनको मारो जूते जैसे विवादित नारे के पीछे खड़ी रहती है तो दूसरी ओर 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भी बात करती है। साथ ही सोशल इंजीनियरिंग को भी वह अपना चुनावी हथियार बनाती हैं। इसके इतर बसपा की अधिकृत वेबसाइट 'बीएसपी इंडिया डॉट इन' पार्टी की सनातन विरोधी तस्वीर दिखाती है। इस वेबसाइट में पार्टी के आंदोलन, उपलब्धियों, संगठनामक संरचना



**वोटरों को लुभाने के लिए हमारे नेता विवादित भाषा बोलने से भी परहेज नहीं करते हैं। तमिलनाडु सरकार में मंत्री डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे, बिहार सरकार के मंत्री चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की सनातन धर्म के विरुद्ध मुखरता सबने सुनी है।**

आदि की जानकारी के साथ ही हमारे आदर्श नाम से एक कॉलम है। इसमें संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर और बसपा संस्थापक कांशीराम के साथ ही पेरियार ललई सिंह यादव का नाम और जीवनी लिखी है। यहां ललई सिंह की उपलब्धियों के तौर पर लिखा है गया है कि है सच्ची रामायण कैसे जीती कानूनी लड़ाई। इसमें लिखा है कि द्रविड़ आंदोलन के अग्रणी सामाजिक क्रांतिकारी पेरियार ईवी रामासामी नायकर की किताब सच्ची रामायण को पहली बार हिंदी में लाने का श्रेय ललई सिंह यादव को जाता है। इस लिंक को खोलते ही सामने आता है कि बसपा की वेबसाइट से किस तरह सनातन धर्म के विरुद्ध विषवमन किया जा रहा है। इसमें एक तो रामायण को कल्पना बताया गया है दूसरे रामायण की व्याख्या करते हुए भगवान विष्णु, श्रीराम, माता सीता, राजा दशरथ, राजा जनक सहित कई पात्रों के लिए बहुत ही घृणित शब्दों का प्रयोग किया गया है। खैर, सच्चाई यह भी है कि बसपा को उसकी जातिवादी राजनीति के कारण ही वोटरों ने हाशिये पर डाल दिया है। इतना ही दलितों में भी जाटवों के अलावा अन्य वर्गों ने बसपा से मुंह फेर लिया है। इसी का नतीजा यह है कि भारतीय जनता पार्टी के सांसदों और विधायकों में बड़ी संख्या दलित नेताओं की भी है। बसपा ने अपनी छिछोरी राजनीति को नहीं छोड़ा तो अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भी बसपा की हालत पतली हो सकती है।

# भारत में टेस्टिंग के दौरान फिर आई नजर, डिजाइन और फीचर्स को लेकर हुए नए खुलासे

2024 Hyundai Creta के टेस्टिंग म्यूल को कैमोफ्लैग से लपेटा गया थाइसके बावजूद भी एसयूवी का एक्सटीरियर दिखा है। जैसा कि स्पाई शॉट्स में देखा गया है इंडिया-स्पेक 2024 क्रेटा में कई डिजाइन परिवर्तन किए गए हैं। इंटीरियर की बात करें तो क्रेटा फेसलिफ्ट में न्यूनतम अपग्रेड किए गए हैं। इस पॉपुलर एसयूवी को परिचित 160 एचपी 1.5-लीटर एनए टर्बो-पेट्रोल इंजन प्राप्त होने की उम्मीद है।

**नई दिल्ली।** Hyundai Motor India निकट भविष्य में अपनी सबसे पॉपुलर Creta SUV को नए अपडेट के साथ लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इसे देशभर की अलग-अलग सड़कों पर टेस्ट कर रही है। हाल ही मे इसकी कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं। हरियाणा के फरीदाबाद से इस बहुप्रतीक्षित एसयूवी के नए स्पाई शॉट्स सामने आए हैं, जिससे इसका डिजाइन थोड़ा सा अनवील हुआ है।

2024 Hyundai Creta के टेस्टिंग म्यूल को कैमोफ्लैग से लपेटा गया था,इसके बावजूद भी एसयूवी का एक्सटीरियर दिखा है। जैसा कि स्पाई शॉट्स में देखा गया है, इंडिया-स्पेक 2024 क्रेटा में कई डिजाइन परिवर्तन किए गए हैं। हम यह भी देख सकते हैं कि फ्रंट फेसिया को नए ग्रिल डिजाइन और अपडेटेड बम्पर के साथ अपडेट किया गया है।

पहले के स्पाई शॉट्स से यह भी पता चला था कि इसमें अपडेटेड, स्प्लिटेड वर्टिकल हेडलाइट्स और एक्सटर-एस्क एच-आकार के एलईडी डीआरएल होंगे। नई क्रेटा में अपडेटेड टेल लैंप सेटअप भी होगा। पीछे की तरफ इसमें नया टेलगेट मिलने की उम्मीद है।

**इंटीरियर**

इंटीरियर की बात करें तो क्रेटा फेसलिफ्ट में न्यूनतम अपग्रेड किए गए हैं। उम्मीद है कि केबिन में अपहोल्स्ट्री में कुछ बदलाव होंगे और इसमें दोबारा तैयार की गई इंटीरियर थीम होगी। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण अपग्रेड ADAS-सूट और अपने सिब्लिंग किआ सेल्टोस की तरह 360-डिग्री कैमरा होगा।

**इंजन**

इस पॉपुलर एसयूवी को परिचित 160 एचपी, 1.5-लीटर एनए टर्बो-पेट्रोल इंजन प्राप्त होने की उम्मीद है, जो कि किआ सेल्टोस, हुंडई अलकजार और अन्य पर भी ड्यूटी करते हैं। ट्रांसमिशन विकल्पों में 7-स्पीड डुअल-क्लच ऑटोमैटिक और एक मैनुअल गियरबॉक्स शामिल होने की संभावना है। अन्य इंजन विकल्पों में 115 एचपी, 1.5-लीटर एनए पेट्रोल इंजन और 115 एचपी, 1.5-लीटर डीजल मिल शामिल हैं।




# BMW X4 M40i लग्जरी कार कितनी खास, 4 प्वाइंट्स में समझें

BMW X4 M40i में कार्बन फाइबर ट्रिम और स्पोर्टी 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील के साथ डुअल-टोन इंटीरियर है। एसयूवी 12.3 इंच के डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और समान आकार के टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम से लैस है। इसमें 3-जोन ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल रिक्लाइनिंग रियर सीटें और एक पैनोरमिक सनरूफ भी मिलता है। आइये इस लग्जरी कार के बारे में डिटेल में जानते हैं।

**नई दिल्ली।** हाल ही में BMW ने X4 M40i लग्जरी कार के इंडियन मार्केट में लॉन्च कर दिया है। ये कार अपने एडवांस फीचर्स और बोल्ड लुक के लिए काफी सुर्खियों में है, इसलिए इस खबर के माध्यम से आपको बताने जा रहे हैं इस लग्जरी कार से जुड़ी खास प्वाइंट्स के बारे में।

**कितना दमदार है इसका इंजन?**

X4 M40 एक 3.0-लीटर, 6-सिलेंडर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन है, जो 5,200-6,500 आरपीएम पर 355 बीएचपी और 1,900-5,000 आरपीएम पर 500 एनएम की पीक टॉर्क जेनरेट करता है। इंजन 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन और ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम से लैस है। एसयूवी में ऑटोमैटिक डिफरेंशियल लॉक के साथ एडेप्टिव सस्पेंशन और एम स्पोर्ट डिफरेंशियल मिलता है।

**BMW X4 लुक और डिजाइन**

बीएमडब्ल्यू एक्स4 के लुक और डिजाइन की बात करें तो यह एक स्टाइलिश कूपे जैसी रूफ वाली एसयूवी है। स्पोर्टियर M40i वेरिएंट होने के नाते, इसमें आगे की तरफ स्मोक्ड एलईडी हेडलैंप के साथ एक डार्क बीएमडब्ल्यू एम किडनी ग्रिल, एम स्पोर्ट ब्रेक और रेड ब्रेक कैलीपर्स के साथ 20-इंच जेट ब्लैक एम लाइट अलॉय व्हील और पीछे की तरफ डुअल एग्जॉस्ट टिप्स के साथ स्लीक एलईडी टेल लाइट्स सेटअप्स मिलते हैं।

**BMW X4 फीचर्स**

X4 M40i में कार्बन फाइबर ट्रिम और स्पोर्टी 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील के साथ डुअल-टोन इंटीरियर है। एसयूवी 12.3 इंच के डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और समान आकार के टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम से लैस है। इसमें 3-जोन ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, रिक्लाइनिंग रियर सीटें और एक पैनोरमिक सनरूफ भी मिलता है।

**कितनी है कीमत**

BMW ने भारत में X4 M40i लॉन्च कर दी है। एसयूवी सीमित संख्या में उपलब्ध होगी और सीबीयू के माध्यम से इंपोर्ट की जाएगी। इसकी कीमत 96.20 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है।



# एमजी हेक्टर और ग्लोस्टर पर बंपर ऑफर, 1.35 लाख रुपये तक के बेनिफिट्स, यहां पढ़ें

वाहन निर्माता कंपनी हेक्टर और हेक्टर प्लस के सभी वेरिएंट पर खास एनिवर्सरी ऑफर भी कर रही है। इसपर ग्राहक 50 हजार रुपये तक का एक्सचेंज बोनस 20 हजार रुपये तक का लॉयल्टी बोनस भी मिल रहा है। भारतीय बाजार में मौजूद MG अपनी दोनों इलेक्ट्रिक कारों पर बंपर ऑफर दे रही है। इसके साथ ही इसपर 50 हजार रुपये का एक्सचेंज बोनस भी मिल रहा है।

**दिल्ली।** त्योहार को देखते हुए कई वाहन निर्माता कंपनियों ने अपनी कारों पर बंपर ऑफर देना शुरु कर दिया है। क्या आप इस सीजन अपने लिए एक नई कार खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो आपको बता दें, MG अपनी Hector और Gloster पर बंपर ऑफर दे रही है। चलिए आपको इसके बारे में और अधिक जानकारी देते हैं।

**MG Hector और Gloster पर बंपर ऑफर**

एमजी अपनी एसयूवी ग्लोस्टर के सभी वेरिएंट्स पर1.35 लाख रुपये तक के बेनिफिट्स ऑफर कर रही है। इसमें आपको 5 हजार रुपये तक का कंज्यूमर ऑफर, 5 हजार का एक्सचेंज बोनस और 20 हजार रुपये तक का लॉयल्टी बोनस मिल रहा है। इसके साथ ही इसमें कॉर्पोरेट डिस्काउंट भी शामिल है।

**एनिवर्सरी ऑफर भी मिल रहा है**

इतना ही नहीं वाहन निर्माता कंपनी हेक्टर और हेक्टर प्लस के सभी वेरिएंट पर खास एनिवर्सरी ऑफर भी कर रही है। इसपर ग्राहक 50 हजार रुपये तक का एक्सचेंज बोनस, 20 हजार रुपये तक का लॉयल्टी बोनस और 10 हजार रुपये तक का कॉर्पोरेट डिस्काउंट का भी लाभ उठा सकते हैं।

**MG Astor पर दमदार ऑफर**


इस कार पर आपको 2.10 लाख रुपये तक का बेनिफिट मिल रहा है। इसके सभी वेरिएंट पर 50 हजार रुपये तक का एक्सचेंज बोनस, 20 हजार रुपये तक का लॉयल्टी बोनस और 10 हजार रुपये तक का कॉर्पोरेट डिस्काउंट मिल रहा है। इसके साथ ही वेरिएंट के आधार पर 25 हजार रुपये से 1.25 लाख रुपये तक के कंज्यूमर ऑफर भी है।

**MG ZS EV और Comet EV पर डिस्काउंट**

भारतीय बाजार में मौजूद MG अपनी दोनों इलेक्ट्रिक कारों पर बंपर ऑफर दे रही है। इसके साथ ही इसपर 50 हजार रुपये का एक्सचेंज बोनस, 20 हजार रुपये का लॉयल्टी बोनस और 15 हजार रुपये का कॉर्पोरेट डिस्काउंट भी मिल रहा है।



# अमरीका-कनाडा में उग्रवादियों को संरक्षण



कुलदीप चंद अग्निहोत्री

'भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक सैयद गुलाम नबी फाई ने अमेरिका में कश्मीर अमेरिकी परिषद बना रखी थी। वह भारत विरोधी प्रचार करता है'

अमेरिका का एक नागरिक गुरपतवन्त पन्नू लम्बे अरसे से वहीं बैठ कर भारत में आतंकवादी गतिविधियों को विविध तरीकों से संचालित करने में लगा हुआ है। उसे अमेरिका और कनाडा दोनों ने ही अपने अपने देशों की नागरिकता दे रखी है। ऐसा भी कहा जाता है कि दोनों देशों की सरकारें उसे संरक्षण भी देती हैं। वह कनाडा के नागरिकों को साथ लेकर जनमत संग्रह करवा रहा है कि भारत को विभाजित करके क्या पाकिस्तान की तरह एक और नए देश का निर्माण किया जाना चाहिए या नहीं? इस काम के लिए कनाडा की सरकार उसकी प्रत्यक्ष परोक्ष सहायता करती है। यह कुछ इसी प्रकार का मामला है कि भारत कि कोई संस्था भारतीय नागरिकों से जनमत संग्रह करवाना शुरू कर दे कि टरांटो को कनाडा से अलग कर नया देश बनाना चाहिए या फिर कैलिफोर्निया को यूएसए से अलग कर नया देश बनाना चाहिए या नहीं? इस जनमत संग्रह में यदि भारत सरकार परोक्ष रूप से भी सहायता करना शुरू कर दे तो कनाडा या यूएसए इसको किस लिहाज से देखेंगे? पन्नू के खिलाफ भारत में आपराधिक मामले लम्बित हैं। पिछले कुछ दिनों से वह लोगों को धमकी दे रहा है कि वे एअर एंडिया से यात्रा न करें, इससे उनकी जान खतरे में पड़ जाएगी। इस प्रकार का एक कांड पहले हो भी चुका है जब कनाडा से भारत को आ रहा एयर इंडिया का एक जहाज कनाडा के आतंकवादियों ने आसमान में ही बम विस्फोट से उड़ा दिया था जिसमें 380 यात्री मारे गए थे। ऐसा माना जाता है कि कनाडा सरकार ने जांच में अपराधियों की मदद ज्यादा की, उन्हें कटघरे में खड़ा करने में कम रुचि ली।



अब पन्नू की इसी प्रकार की नई धमकियां आने पर पुराने रिकार्ड को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने केस दर्ज कर जांच शुरू की तो अमेरिका के एक अखबार ने अपने विश्वस्त सूत्रों के हवाले से खबर छापी है कि अमेरिका के एक अलगाववादी आतंकवादी गुरपतवन्त सिंह पन्नू को मारने की भारत की एक साजिश को नाकाम कर दिया। अखबार के अनुसार यह साजिश जून महीने में नाकाम की गई थी और न्यूयार्क के एक न्यायालय में इस संबंधी एक केस भी दर्ज है। उसने यह भी ख़ुलासा किया कि अपराधी देश से बाहर चला गया है। आरोप लगभग वैसे ही हैं जैसे कुछ समय पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने किसी निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर लगाए थे। अन्तर केवल इतना ही है कि निज्जर के बारे में आरोप कनाडा के प्रधानमंत्री ने स्वयं लगाए, लेकिन अमेरिका ने इसके लिए एक अखबार को माध्यम बनाया। दोनों मामलों में निरन्तरता को ध्यान में रख लेना चाहिए। वैसे कनाडा का यह भी कहना है कि निज्जर की हत्या में भारत की तथाकथित संलिप्तता के सबूत उन्हें भी अमेरिका में ही मुहैया करवाए थे। यह अलग बात है कि लाख कहने पर भी कनाडा सरकार वे सबूत भारत सरकार को नहीं दे रही ताकि भारत उसकी जांच करवा सके। लेकिन महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि एयर इंडिया को लेकर धमकियां देने वाले पन्नू के पक्ष में अमेरिका सरकार अचानक उतनी उतावली क्यों हो गई है? पन्नू की हत्या की तथाकथित साजिश को नाकाम कर देने वाला मामला जो उनके अनुसार जून का है, अचानक एक अखबार के माध्यम से नवम्बर में सार्वजनिक करने की जरूरत वाशिंगटन को क्यों पड़ी? अब यह रहस्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत में अलगाववादी व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त कुछ लोगों को कनाडा व यूएसए सरकार अपने देश की नागरिकता प्रदान कर उनका संरक्षण करती है।

जैसे ही अमेरिका को आभास हुआ कि भारत सरकार अपने यहां के आपराधिक मामलों के लिए पन्नू के प्रत्यर्पण की मांग कर सकती है, उसने तुरन्त अपने यहां के न्यायालय में पन्नू का तथाकथित हत्या की साजिश का मामला दर्ज कर भारत को ही दोषी ठहराने का काम शुरू कर दिया। कचहरी में जो मुक़द्दमा दर्ज किया गया है कि किसी गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए अमेरिका में किसी भाड़े के हत्यारे को पैसे दिए। लेकिन वह भाड़े का हत्यारा अमेरिका की पुलिस का ही आदमी था। उसने पुलिस को बता कर हत्या की यह योजना फेल कर दी। इस सारी तिलस्मी कथा से यह तो पता चल ही गया है कि पन्नू को अमेरिका और कनाडा सरकार पाल रही है और वह इन्हीं सरकारों के कहने पर भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन करता है। यह सारा मामला कुछ कुछ सैयद गुलाम नबी फाई जैसा बनता जा रहा है। पाठकों को ध्यान में ही होगा कि भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक सैयद गुलाम नबी फाई ने अमेरिका में कश्मीर अमेरिकी परिषद बना रखी थी। वह इसके माध्यम से कश्मीर को लेकर भारत विरोधी प्रचार में लगा रहता था। उसके सेमिनारों में भारत के भी कुछ ख्याति प्राप्त पत्रकार जोश खरोश से हिस्सा लिया करते थे। फाई को और उसकी परिषद को अमेरिका सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त था। लेकिन इसके साथ ही उसे पाकिस्तान सरकार से भी सहायता मिलती थी। अमेरिका की सरकार के लिए यह कोई रहस्य नहीं था। कश्मीर के मामले में उस समय अमेरिका भी पाकिस्तान के साथ ही था। भारत सरकार का मानना था कि फाई कश्मीर में आतंकी गतिविधियों का भी संचालन करता है। अमेरिका सरकार को लगा कि भारत अमेरिका से से फाई के प्रत्यर्पण की मांग कर सकता है ताकि उसकी जांच की जा सके। ऐसी स्थिति में अमेरिका के लिए अपना बचाव करना मुश्किल हो जाता। इसलिए अमेरिका ने आनन-फानन में फाई को गिरफ्तार कर लिया। उस पर अमेरिका की राजनीति को प्रभावित करने के लिए पाकिस्तान से पैसे लेने के आरोप लगाए। एक आरोप यह भी लगाया कि वह पीएचडी नहीं है, लेकिन उसके बावजूद अपने नाम के आगे डाक्टर लिखता है।

कचहरी ने उसे अपने घर में ही रहने की शर्त पर जमानत दे दी। फाई ने तुरन्त सभी आरोपों को स्वीकार कर लिया। उसे कुछ साल की सजा हुई। लेकिन उसे सजा काटनी नहीं पड़ी। सरकार ने न्यायालय में कहा कि उसने घर में रहकर जो सजा काटी है वह भी उसे दी कुल सजा में से निकाल दी जाए। स्वाभाविक ही न्यायालय ने यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। उसके बाद सरकार ने कहा कि फाई ने जांच में जरूरत से भी ज्यादा सहयोग किया है, इसलिए उसकी सजा और कम कर दी जाए। क़िस्सा कोताह यह कि सैयद गुलाम नबी फाई को कुल मिला कर सोलह महीने सजा काटनी पड़ी, उसमें वे महीने भी शामिल थे जो उसने जमानत मिलने पर घर में रह कर काटे थे। जेल से बाहर निकल कर वह एक बार फिर कश्मीर को लेकर भारत विरोधी कामों में जुट गया था। लगभग वही तकनीक कनाडा और अमेरिका एक बार फिर भारत विरोधी आतंकवादियों को पालने पोसने और क़ानून के अनुसार भारत में दी जाने वाली सजा से बचाने के लिए प्रयोग कर रहे हैं। गुरपतवन्त पन्नू का मामला कुछ इसी प्रकार का मालूम हो रहा है। भारत ने भी इस पूरे प्रकरण में जांच शुरू कर दी है। लेकिन दुर्भाग्य है कि कनाडा इसमें सहयोग नहीं दे रहा है। कहा जाता है कि अमेरिका इसमें सहयोग करने के लिए तैयार है, लेकिन पन्नू की गतिविधियों की कितनी जानकारी वह भारत को मुहैया करवाएगा, इसकी प्रतीक्षा करनी होगी।

परन्तु इसे संयोग ही कहना चाहिए कि जिस समय अमेरिका भारत पर आरोप लगा रहा था कि पन्नू को मारने की साजिश में भारत का कोई अनाम अधिकारी भी शामिल था, उसी समय उत्तरी कोरिया ने काफी गम्भीरता से कहा कि अमेरिका उसके राष्ट्रपति की हत्या की साजिश रच रहा है। यह भी संयोग ही कहा जाएगा कि पन्नू की हत्या की साजिश की सूचना भी एक अखबार के माध्यम से ही लीक की गई और किम योंग को अमेरिका द्वारा मारने की कोशिश की सूचना भी एक अखबार दि डेली बीस्ट ने ही सार्वजनिक की। पन्नू के मामले में तो अनाम भारतीय अधिकारी लिख कर अमेरिका कहानी लिख रहा है, लेकिन किम योंग की हत्या की साजिश में शामिल अमेरिकी अनाम तो नहीं हो सकता। कम से कम जो बाईडेन को तो उसका नाम पता ही होगा।

## संपादक की कलम से

# प्राथमिक शिक्षा की नई छांव

स्कूली शिक्षा के चरम बिंदु पर कलस्टर के अधीन प्राथमिक स्कूलों को छांव मुहैया करवाई जा रही है, यानी कुछ ऐसी सीढियां विकसित की जा रही हैं जो व्यवस्था को मुकम्मल करेंगी। राज्य के जमा दो, हाई व मिडल स्कूल अपने दायरे के आधा किलोमीटर तक आने वाले प्राइमरी स्कूलों के अभिभावक बन जाएंगे। इस तरह अब करीब पांच हजार संस्थानों के तहत शिक्षा की बुनियादी प्रश्न हल होंगे, हालांकि अतीत में भी एक ही स्कूल के तहत छात्र जीवन की सीढियां मुकम्मल होती थीं। शिक्षा की मात्रात्मक वृद्धि ने अब फिर गुणात्मक अर्थ पुख्ता करने के लिए उन्हीं रास्तों को चुना है, जो पहले मंजिलों के वाहक रहे। जाहिर है कलस्टर पद्धति से शिक्षा का उच्चारण ही एक जैसा नहीं होगा, बल्कि प्रबंधन, अनुशासन व वित्तीय उपयोगिता भी बढ़ेगी। यानी बिखरे हुए स्कूलों के अंदाज में कुछ तो फर्क आएगा, फिर भी शिक्षा क्षेत्र में दायित्व की ओवरलैपिंग के कारण सारी वर्णमाला बदल गई है। मॉडल कंपोजिट एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन से कई संदेश निकलते हैं। पहला यही कि हिमाचल में अनावश्यक विस्तार ने अधोगति तक पहुंचा दिया। दूसरे यह कि वित्तीय व्यवस्था में अब ऐसे अर्थहीन व्यय नासूर बनने लगे। तीसरे यह कि शिक्षा की मांग व आपूर्ति में गुणवत्ता की अर्हताएं पूरी नहीं हुईं। चौथे शिक्षकों की जवाबदेही परीक्षा में तो देखी गई, लेकिन अध्यापन को किसी सांचे में नहीं ढाला गया। हर बार शिक्षा मुड़-मुड़ कर अपने ही खोए हुए अतीत से कुछ पाना चाहती है और इस बार भी यही सब हो रहा है। शिक्षा विभाग कालेज व विश्वविद्यालयों की तर्ज पर 'अतिथि शिक्षकों' की खेप उतारने की ओर अग्रसर हो रहा है। देखना यह होगा कि इस पहल से शिक्षा की मांग की आपूर्ति कैसे होती है।

बेशक कुछ शिक्षक आज भी बच्चों के आदर्श बनकर प्रभावित करते हैं और अगर इनकी सेवाएं सेवानिवृत्ति के बाद भी यथावत रहती हैं, तो छात्रों का विश्वास पद्धति पर ही बढ़ेगा। यूं भी शिक्षा अपने सुधार के मजमून में हर बार नया शृंगार करती रही है, लेकिन कुछ सफे हमेशा काले निकल आते हैं। हिमाचल में शिक्षा को स्कूलों में स्तरोन्नत किया गया और इसी वजह से गांव तक पाठशाला की पहुंच व उसके स्तर में निखार आ गया, लेकिन अध्यापन के चरित्र में गिरावट आ गई। आज भी अगर नया संकल्प कलस्टर के जरिए गुणात्मक शिक्षा का शपथ पत्र लेकर खड़ा है, तो इस अकेले प्रयास से शायद ही भूमिका बदलेगी। शिक्षा के अपने इम्तिहान उसी इमारत में असफल इसलिए हो रहे हैं, क्योंकि ट्रांसफर और पदोन्नतियों में ही पूरा महकमा अतरंगी हो गया। व्यवस्था की नौटंकी में शिक्षक समाज अपनी प्राथमिकताओं को ऐसे स्थानांतरण से मजबूत कर रहा है, जो एक तरह का राजनीतिक गठबंधन है। हर राजनीतिक पार्टी और नेताओं के समूह इस तलाश में रहते हैं कि उनके अपने और चहेते शिक्षक ही नजदीकी स्कूलों में शिरकत करें।

सुक्खू सरकार ने भी ट्रांसफर के दायरे बढ़ाते हुए कुछ किलोमीटर मापे, लेकिन करवटें बताती हैं कि व्यवस्था के भीतर अध्यापक चंद किलोमीटर की परिधि में घूमघूम कर चेहरे बदल रहे हैं। उनका अपना 'ट्रांसफर कलस्टर' है जो दिन रात मेहनत करके यह सुनिश्चित करता है कि किसी तरह स्कूल घर हो जाए या घर ही स्कूल के आसपास जुड़ जाए। बावजूद इसके स्कूलों के कलस्टर बना कर विभाग अपने मानव संसाधन का बेहतर इस्तेमाल करके वित्तीय संसाधनों की किफायत कर सकता है। स्कूलों में जिस तरह कलस्टर पद्धति सामने आ रही है, उसी तरह कालेज से विश्वविद्यालय तक भी कलस्टर पैदा होने चाहिएं। बेशक कभी कलस्टर विश्वविद्यालयों की खोज में मंडी व धर्मशाला के कालेजों के नाम सामने आए थे और मंडी में तो काम भी शुरू हो गया, लेकिन अब वहां एक नया विश्वविद्यालय शिक्षा की ईंटें खोज रहा है। करीब साढ़े तीन दर्जन स्नातकोत्तर महाविद्यालयों की सीढियों से लुढक़ रही उच्च शिक्षा को बचाने-संवारने के लिए क्या किया जाएगा।

## राय

# मौत की सुरंगें

उत्तराखंड की उत्तरकाशी सुरंग के निर्माण से जुड़ी अनियमितताओं और अहम शर्तों, प्रावधानों की अनदेखी पर सवाल करना उतना ही उचित है, जितना फंसे 41 मजदूरों की जिंदगियां बचाना जरूरी था। चूंकि सर्वोच्च अदालत उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सुरंग बनाने और मार्गों के विस्तार के खिलाफ नहीं है, लेकिन उसके फैसले आते रहे हैं कि निर्माण-कार्य, मानकों की तुलना में, घटिया स्तर के हैं, लिहाजा पहाड़ और मानवीय जीवन लगातार खतरे में बने रहे हैं। सर्वोच्च अदालत ने फैसलों के अलावा, विशेषज्ञ समितियां भी बनाईं, लेकिन सभी के निष्कर्ष कमोबेश यही रहे हैं। अलबत्ता वे पहाड़ में निर्माण और खुदाई के खिलाफ नहीं थीं। उत्तराखंड में औसतन 6 करोड़ पर्यटक सालाना जाते हैं, जिनसे करीब 15,000 करोड़ रुपए का राजस्व मिलता है। उनमें काफी पर्यटक चारधाम की यात्रा भी करते हैं, लिहाजा वे सुरंगों को पार करके ही केदारनाथ, बद्रीनाथ तक जा सकते हैं। क्या इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जिंदगी को जोखिम में धकेला जा सकता है? विवादित सुरंग के संदर्भ में सबसे अहम सवाल 'आपातकालीन निकास मार्ग' का है। विपक्ष ने भी ये सवाल उठाए हैं। वे गलत नहीं हैं। फंसे हुए मजदूर बाहर निकाले जा चुके हैं। 'चूहा खनिकों' को पुरस्कार के तौर पर 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की जा चुकी है। विपक्ष की राजनीति को एक तरफ रख भी दें, तो सुरंग की योजना से स्पष्ट हो जाता है कि ऐसे 3 निकास-मार्ग बनाए जाने थे, लेकिन कंपनी ने आज तक एक भी मार्ग और द्वार नहीं बनाया है। विशेषज्ञों ने भी निरीक्षण में अनदेखी बरती है, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी भी तय की जाए। यह तथ्य भी उजागर हुआ है कि सुरंग परियोजना की डीपीआर और निर्माण-कार्य में गहरे अंतर हैं।

फिलहाल निर्माण कंपनियां और केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्रालय आदि खामोश हैं। यदि सरकारी वेबसाइट पर निर्माण-योजना को पढ़ें, तो स्पष्ट होगा कि यह तय किया गया था कि सुरंग, बाहर निकलने का रास्ता और अप्रोच रोड 8 जुलाई, 2022 तक बन जाएंगे। इस परियोजना पर काम जुलाई, 2018 में शुरू किया गया था, लेकिन अभी तक करीब 56 फीसदी काम ही हो पाया है। उस पर मजदूरों के फंसने का हादसा हो गया। कुछ मजदूरों ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाद के दौरान यह कहा है कि अब वे उस सुरंग में काम नहीं करेंगे। यदि वाकई ऐसा होता है, तो यह परियोजना लटक कर रह सकती है, क्योंकि मजदूरों की मनोस्थिति जंगल में आग की तरह फैलती है। बहरहाल अगली डेडलाइन मई, 2024 तय की गई है, जब देश में लोकसभा चुनाव होंगे। हकीकत यह है कि सुरंग में बचाव का कोई भी रास्ता आज तक नहीं बनाया गया है। कंपनी की अपनी दलील है कि इसकी जरूरत नहीं है, क्योंकि दोनों लेन के बीच दीवार है। उसमें 'आपातकालीन निकास द्वार' का प्रावधान है। एक से दूसरी तरफ आया-जाया जा सकता है, लेकिन यह भी हकीकत सामने आई है कि सुरंग में कहीं भी निकास-द्वार अभी तक नहीं बनाया गया है। सुरंग के खोदे गए हिस्से में भी 'सुरक्षा-पाइप' नहीं डाले गए हैं। इस परियोजना से जुड़े प्रबंधकों की सफाई है कि कमजोर स्थानों पर 'सुरक्षा-पाइप' का इस्तेमाल करने की योजना थी, लेकिन किसी को भी एहसास नहीं था कि ऐसा हादसा होगा! खतरों और हादसों के भी एहसास होते हैं क्या? पर्यावरण संबंधी सरोकार सर्वोच्च अदालत ने भी जताए थे। आज भी ये चिंताएं अपनी जगह मौजूद हैं। निर्माण से जुड़ी 10 कंपनियों में से जिस 'नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड' को 853.79 करोड़ रुपए का उप-ठेका दिया गया, उसके दामन पर हादसों और मौतों के दाग पहले से ही हैं।

भूपिंदर सिंह

# योग स्वस्थ रहने का विज्ञान

योग के नियमों का पालन करने के बाद अगर यौगिक क्रियाओं को किया जाता है तो मानव में शारीरिक व मानसिक स्तर पर आश्चर्यजनक रूप से अलौकिकता का सुधार होता है। आज आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में इनसान को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। आज जब मनुष्य के पास हर सुख सुविधा आसानी से उपलब्ध है, मगर समय का अभाव है, ऐसे में फिटनेस को बनाए रखने की दिक्कत सबके सामने है'

यह सच है कि शहरीकरण से दैनिक जीवन में भौतिक सुख सुविधाओं का विकास हुआ है, मगर इस सबसे फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत भी महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगती हैं। जनमानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से बार बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। योग हर उम्र के लोग आसानी से थोड़ी सी जगह में भी कर सकते हैं। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नए-नए शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए आज अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है।

इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृतियों में नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि यह अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति यम एवं नियमों का पालन नहीं करता है तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्त का जीवन व समाज दोनों दुषप्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह यह नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कर्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है। ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानी मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है।

इसमें किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना



अधिकार नहीं उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य मन, वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रिय जनित सुखों में संयम बरतना। अपरिग्रह अपने स्वार्थ के लिए धन, संपत्ति एवं भोग की सामग्री में संयम न बरतना परिग्रह है। इसका अभाव अपरिग्रह है। आवश्यकता से अधिक संचय करना अपरिग्रह है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा न करना, मन, वचन एवं कर्म से इस प्रवृत्ति को त्यागना ही अपरिग्रह है। नियमों में शौच के अंतर्गत पानी मिट्टी आदि के द्वारा शरीर, वस्त्र, भोजन, मकान आदि के मल को दूर करना बाह्य शुद्धि माना जाता है। सद्भावना, मैत्री, करुणा आदि से की जाने वाली शुद्धि आंतरिक शुद्धि मानी जाती है। केवल अपने भौतिक शरीर का ध्यान रखना पर्याप्त नहीं है। बल्कि अपने मन के विचारों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करना जरूरी है। शरीर और मन दोनों की शुद्धि। संतोष दूसरा नियम है। इसमें कर्तव्य का पालन करते हुए जो कुछ उपलब्ध हो, जो कुछ प्राप्त हो उसी में संतुष्ट रहना।

किसी प्रकार की तृष्णा न करना। तीसरा नियम है तप। इस नियम में अपने वर्ण, आश्रम, परिस्थिति और योग्यता के अनुसार स्वधर्म का पालन करना। व्रत, उपवास आदि भी इसी में शामिल किया जाता है। यानी कि स्वयं से अनुशासित दिनचर्या में रहना है। स्वाध्याय चौथा नियम है जिससे कर्तव्य का बोध हो सके। मतलब शास्त्र का अध्ययन करना। महापुरुषों के वचनों का अनुपालन भी स्वाध्याय के अंतर्गत आता है। ईश्वर प्राणिधान पांचवां नियम है। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण व संपूर्ण श्रद्धा रखना। फल की इच्छा का परित्याग पूर्वक समस्त कर्मों का ईश्वर को समर्पण करना ईश्वर प्राणिधान कहलाता। हजारों साल पहले भारतीय शोधकर्ताओं ने योग की क्रियाओं से होने वाले लाभों को समझ लिया था जो आज की चिकित्सा व खेल विज्ञान में योग का प्रयोग खूब हो रहा है। योग के नियमों का पालन करने के बाद अगर यौगिक क्रियाओं को किया जाता है तो मानव में शारीरिक व मानसिक स्तर पर आश्चर्यजनक रूप से अलौकिकता सुधार होता है। आज आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में इनसान को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। आज जब मनुष्य के पास हर सुख सुविधा आसानी से उपलब्ध है, मगर समय का अभाव सबके सामने है, ऐसे में फिटनेस को बनाए रखने की दिक्कत सबके सामने हैं। इस सबके लिए योग सबसे बढिया व सर्वसुलभ तरीका है जो प्रतिदिन 30 मिनट देकर अच्छा स्वास्थ्य दे सकता है। केवल खिलाडियों को ही नहीं, आम आदमी को भी योग का अभ्यास करना चाहिए। तभी हम स्वस्थ रहेंगे।

## हास्य रस

# दफ्तर जाने के लिए

दफ्तर जाने के लिए मुझे बहुत सी तैयारियां करनी पड़ती हैं। आखिर दफ्तर जो जा रहा हूं। दफ्तर जाने का मतलब यह तो है नहीं कि साबुन से नहाओ भी मत या रोजाना शेव भी मत बनाओ। दफ्तर में मेरे कई साथी हैं। वे इसे वेस्टेज मानते हैं। उनका तर्क यह है कि दफ्तर कोई निजी कार्य या सगे सम्बन्धी का काम तो है नहीं, जो रोज एक रुपए का ब्लेड खराब करो, साबुन खराब करो, चेहरे को चमकाने के लिए क्रीम लगाओ, बाल काले करो अथवा मूंछों की करीने से कटाई-छंटाई करो। जबकि मेरा मानना है कि दफ्तर से वेतन मिलता है, घर चलता है और वहां महिलाएं काम करती हैं, इसलिए थोड़ा शऊर से ही जाना चाहिए। कपड़े इस्त्री करे हुए पहनता हूं, यहां तक कि कपड़ों की फैशन का भी मैं पूरा ख्याल रखता हूं। मेरे साथी कहते हैं-'भाई शर्मा, तुम्हें कोई एक्स्ट्रा इन्क्रीमैंट मिलेगा क्या, जो इतने सज-धज कर आते हो। कभी गणतंत्र दिवस या स्वाधीनता दिवस पर भी अभी तक तो सम्मानित नहीं किए गए। क्यों बेकार में धन का अपव्यय और समय जाया करते हो। इससे बढिया तो कोई पार्ट टाइम जॉब करते तो समय का सदुपयोग हो।' मैं कहता हूं-'यारो, क्या मुंह उठाकर सीधे बिस्तर से निकल कर कुर्सी पर आ बैठते हो। कभी मिसेज मलकानी के बारे में भी सोचा है, जो आप लोगों से बात करना तो दूर, पल भर को नजर भरकर भी आप लोगों को देखती तक नहीं। एक मैं हूं जिससे वह घण्टों हंस-हंसकर बतियाती हैं।' 'ओह तो शर्मा यह सब मिसेज मलकानी के लिए कर रहे हो। भाभी जी को पता चल गया न, तो वे तुम्हारी यह सारी सजावट को तेल लेने भेज देंगी।

घर में माथाफोड़ी करते हो और दफ्तर में मिसेज मलकानी को अपनी बत्तीसी दिखाते हो। हम मलेच्छों को देखो जो पांच पैसे अपने ऊपर इस दफ्तर के लिए खर्च नहीं करते और शाम को रिश्वत के तीन सौ रुपए और मार ले जाते हैं। मिसेज मलकानी के हंसकर बोल लेने से तो गृहस्थी की गाड़ी आराम से चलती नहीं। पैसा हो तो भैया हर समस्या का समाधान है। तुम हर छह महीने में पी.पी.एफ. से लोन लेकर अपना घर खर्च चलाते हो और बचत के नाम पर तुम्हारे पास बचती होगी कोई एक फूटी कौड़ी।' एक साथी बोला। मैंने कहा-'ईमान, धर्म और सिद्धांत भी तो जीवन में कोई मायने रखते हैं। साफ-सुथरे ढंग और सलीके से दफ्तर आना मैं गलत नहीं मानता। किसी का काम न करना और करना तो रिश्वत खाकर, यह मेरी समझ से परे है।' दूसरा साथी बोला-'तुम्हें तो पता है हम अपने बुरे आचरण के बावजूद दो-दो बार सम्मानित हो चुके हैं। उफ! तुम्हारी यह ईमानदारी कहीं तुम्हारी जान ही न ले ले। पहले तो अपने पर शऊर से आने का जो इन्वेस्टमैंट कर रहे हो, उसे बंद करो ताकि रिश्वत न सही, हजार-दो हजार की यह बदखर्ची तो बचे। रही बात मलकानी की तो भैया उसे कैंटीन में डोसा तुम्हीं खिलाते हो, वह तो कभी पेमेंट नहीं करती। इसलिए दफ्तर जाने के बारे में घर में ही सोचना शुरू कर दोगे तो फायदे का सौदा है। उम्रदराज हो गए, चेहरा सारी असलियत बता रहा है तो क्यों यथार्थ से कतराते हो?' 'इसका मतलब दफ्तर जाने के लिए मैं दाढ़ी से भरा चेहरा, रूखे बाल और टाटम्बरी कोट पहनकर आऊं। पांवों में हवाई चप्पल और छकड़ा साइकिल लेकर मैं दफ्तर जाऊं। पैट्रोल महंगा हो गया तो इसका मतलब स्कूटर को घर छोड़ दूं। जूतों पर पॉलिश भी नहीं करूं।'

इनसाइड

## सोना हुआ महंगा तो लुढ़क गई चांदी, चेक करें आपके शहर में क्या है गोल्ड की कीमत

कारोबारी दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में बदलाव होता है। यह कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों के आधार पर तय होता है। आज गोल्ड की कीमत में तेजी देखने को मिली है तो वहीं चांदी की कीमत में गिरावट आई है। ऐसे में अगर आप भी गोल्ड या सिल्वर खरीदने का सोच रहे हैं तो अपने शहर के लेटेस्ट रेट को जरूर चेक करें।

**नई दिल्ली।** आज सोने और चांदी की नवई कीमतें जारी हो गई हैं। यह कीमतें अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर तय होती है। आज सोने की कीमतों में तेजी आई है तो वहीं चांदी के दाम गिर गए हैं। ऐसे में आप अगर गोल्ड खरीदने का सोच रहे हैं तो आपको एक अपने शहर के लेटेस्ट रेट को जरूर चेक करना चाहिए।

**गोल्ड हुआ महंगा**

शुक्रवार को वायदा कारोबार में सोने की कीमत 74 रुपये बढ़कर 60,796 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 74 रुपये या 0.12 प्रतिशत बढ़कर 60,796 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जिसमें 8,575 लॉट का कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में सोना वायदा 0.03 प्रतिशत बढ़कर 1,987.80 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया।

**नरम हुई चांदी**

शुक्रवार को चांदी की कीमतें 73,360 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, दिसंबर डिलीवरी के लिए चांदी का अनुबंध 16,857 लॉट के कारोबार के साथ 73,360 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रहा। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में चांदी मामूली बढ़त के साथ 23.94 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

**आपके शहर में क्या है गोल्ड की कीमत**

गुड रिटर्न के मुताबिक खबर लिखे जाने तक सोने की स्पॉट कीमत विभिन्न शहरों में इस प्रकार है:

दिल्ली में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,840 रुपये है।

नोएडा में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,840 रुपये है।

मुंबई में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,690 रुपये है।

चैन्नई में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 62,180 रुपये है।

कोलकाता में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,690 रुपये है।

बेंगलुरु में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,690 रुपये है।

केरल में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,690 रुपये है।

पटना में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,740 रुपये है।

सूरत में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,740 रुपये है।

चंडीगढ़ में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 61,840 रुपये है।

# वेडिंग सीजन : होटल, गहने, कपड़े से जुड़े इन स्टॉक पर रख सकते हैं नजर, हो सकता है अधिक मुनाफा

शादियों के इस सीजन में करीब 35 लाख से अधिक शादियां होने की उम्मीद है। इस दौरान सबसे ज्यादा खर्च नए कपड़े आभूषण नए वाहन होटल आभूषण लाइटिंग आदि पर होता है। एक समझदार निवेशक के रूप में आपको इन सेक्टर से जुड़े स्टॉक पर नजर रखनी चाहिए क्योंकि शादियों के इस सीजन में इन कंपनियों का मुनाफा बढ़ जाता है।

परिवहन विशेष न्यूज

- आगामी 15 दिसंबर तक 35 लाख से अधिक शादियां होने का अनुमान है।
- इस दौरान नए कपड़ों, गहनों, नई गाड़ियों, होटल, सजावट, लाइटिंग इत्यादि पर सबसे अधिक खर्च होता है।
- निवेशकों को इस मौके पर इन कंपनियों के स्टॉक पर नजर रखना चाहिए।




**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन के बाद देश में अब शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। बीते 23 नवंबर से आगामी 15 दिसंबर तक के इस शादी के सीजन में लाखों शादियां होने वाली है। एक आंकड़े के मुताबिक इस दौरान 35 लाख से अधिक शादियां होने का अनुमान है।

शादी एक ऐसा समारोह है जहां लोग दिल खोल के खर्च करते हैं। इस दौरान नए कपड़ों, गहनों, नई गाड़ियों, होटल, सजावट, लाइटिंग इत्यादि पर सबसे अधिक खर्च होता है। ऐसे में वैसी कंपनियां जो कपड़े, गहनें, होटल, वाहन, डेकोरेशन, इत्यादि से जुड़ी है उनका इस शादियों के सीजन में अच्छा मुनाफा होता है क्योंकि बाजार में इन सभी की डिमांड बढ़ जाती है।

एक अच्छा निवेशक वही होता है जो सही वक्त पर मौका देखकर समझदारी से उन कंपनियों में निवेश करता है जो मुनाफा देने वाली होती है। तो चलिए शादियों के इस सीजन में आज हम आपको कपड़े, आभूषण और होटल क्षेत्रों से जुड़े कुछ कंपनियों के शेयरों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनपर आप नजर रख सकते हैं।

**गहनों की कंपनियों के स्टॉक पर नजर**

शादियों के सीजन में गहनों के डिमांड बढ़ जाती है। देश में मौजूदा कल्याण ज्वैलर्स इंडिया, थंगमायिल ज्वैलरी, सेनको गोल्ड और टाइटन कंपनी जैसे ज्वैलर्स ने अपने निवेशकों को पर्याप्त रिटर्न दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक कल्याण ज्वैलर्स इंडिया ने पिछले साल 230 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया था वहीं थंगमायिल ज्वैलरी ने 180 प्रतिशत से अधिक रिटर्न के साथ प्रभावशाली वृद्धि की है।

इसी साल जुलाई में लिस्ट हुए सेनको गोल्ड ने भी अपने निवेशकों को पिछले तीन महीनों में 72 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। टाइटन कंपनी ने पिछले साल अपने निवेशकों को 28 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया था। पिछले पांच साल की बात करें तो टाइटन के स्टॉक में 257 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न प्राप्त हुआ है।

**कपड़ों की कंपनियों के स्टॉक पर नजर**

शादियों में घर का हर एक परिवार हर प्रसंग के अनुरूप अपने लिए नए कपड़े खरीदता है। पिछले साल टाटा ग्रुप द्वारा सर्मथित ट्रेंट (Trent) ने अपने निवेशकों को डबल डिजिट ग्रोथ दिया था। इसके अलावा अरविंद फैशन (Arvind Fashions) ने भी डबल डिजिट ग्रोथ निवेशकों को दिया था। इसके अलावा रेमंड (Raymond) पर आप नजर रख सकते हैं।

**होटल कंपनियों के स्टॉक पर नजर**

होटल इंडस्ट्री की बात करें तो पिछले कुछ सालों में इंडियन होटल्स ने 33 प्रतिशत, कामत होटल्स 93 प्रतिशत, ताज जीवीके 3 प्रतिशत, ओरिएंट होटल्स 43, और लेमन ट्री होटल्स ने 11 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

## महीने के पहले दिन सोने और चांदी की कीमतों में आई तेजी

शुक्रवार को गोल्ड और सिल्वर की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। आज राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 2567 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इस कारोबारी हफ्ते में सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। अगर आप गोल्ड खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो आपको एक बार अपने शहर के लेटेस्ट रेट जरूर चेक करने चाहिए।

**नई दिल्ली।** 1 दिसंबर 2023 को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते गोल्ड और सिल्वर की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी था। अगर आप भी इस वेडिंग सीजन में गोल्ड खरीदने का सोच रहे हैं तो आपको अपने शहर सोने के लेटेस्ट रेट को जरूर चेक करना चाहिए।

**सोना हुआ महंगा**

आज वायदा कारोबार में सोने की कीमत 8 रुपये बढ़कर 62,567 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध में 125 लॉट के कारोबार में 8 रुपये या 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 62,567 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में सोना वायदा 0.09 प्रतिशत बढ़कर 2,059 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया।

**चांदी के दाम में तेजी**

वायदा कारोबार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 36 रुपये बढ़कर 76,270 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, दिसंबर डिलीवरी के लिए चांदी अनुबंध 284 लॉट में 36 रुपये या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 76,270 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में चांदी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25.65 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

**चेक करें अपने शहर के गोल्ड रेट**

दिल्ली में 24 कैरेट, 10 ग्राम सोना 63,100 रुपये है।

मुंबई में 24 कैरेट, 10 ग्राम सोना 62,950 रुपये है।

कोलकाता में 24 कैरेट, 10 ग्राम सोना 62,950 रुपये है।

चैन्नई में 24 कैरेट, 10 ग्राम सोना 63,820 रुपये है।

बेंगलुरु में 24 कैरेट, 10 ग्राम सोना 62,950 रुपये है।

हैदराबाद में 24 कैरेट, 10 ग्राम सोना

# महीने के पहले दिन भारतीय करेंसी में आई तेजी, डॉलर के मुकाबले 8 पैसा मजबूत हुआ रुपया

गुरुवार को आए जीडीपी आंकड़ों के बाद शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। इसी के साथ भारतीय करेंसी में भी तेजी देखने को मिला है। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे बढ़कर 83 .29 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमत 84 अमेरिकी डॉलर के स्तर से घटकर 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है।




**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों के द्वारा जारी खरीद ने भारतीय करेंसी को बढ़त के साथ खोला है। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे बढ़कर 83.29 पर पहुंच गया। गुरुवार को जीडीपी आंकड़ों के बीच ने शेयर बाजार को बढ़ावा दिया है।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 84 अमेरिकी डॉलर के स्तर से घटकर 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है। तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक+ ने 2024 के लिए उत्पादन कम करने को लेकर कोई घोषणा नहीं की है।

आज अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.29 पर मजबूत खुला और 83.25 के उच्चतम स्तर को छू गया। बाद में इसने ग्रीनबैक के मुकाबले 83.29 पर कारोबार किया, जो पिछले बंद के मुकाबले 8 पैसे की बढ़त दर्शाता है। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर 83.37 पर बंद हुआ।

इस बीच, डॉलर सूचकांक में डॉलर 0.09 प्रतिशत कम होकर 103.41 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.47 प्रतिशत गिरकर 80.48 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**शेयर बाजार में तेजी**

आज बीएसई सेंसेक्स 284.82 अंक या 0.43 प्रतिशत बढ़कर 67,273.26 पर कारोबार कर रहा था, जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 87.90 अंक या 0.44 प्रतिशत बढ़कर 20,221.05 पर पहुंच गया। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक गुरुवार को 8,147.85 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अनुमानित 6.5 प्रतिशत से काफी ऊंची रही। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में से एक है।

## बेलेंजिया तेजी से कर रहा विस्तार, मुंबई एयरपोर्ट पर खोला 18वां स्टोर




देश में मोजे बाजार में Balenzia का नाम काफी बड़ा है। अब Balenzia ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) के अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान टर्मिनल 2 पर अपना 18वां स्टोर खोल दिया है। इस स्टोर के खुलने के बाद भारतीय के साथ विदेशी ग्राहक भी आसानी से Balenzia के प्रोडक्ट खरीद सकते हैं। इस रिपोर्ट में विस्तार से जानते हैं।

**नई दिल्ली।** भारत के मोजे बाजार में Balenzia का नाम काफी प्रसिद्ध है। आज Balenzia ने मुंबई एयरपोर्ट पर अपना 18वां स्टोर खोल दिया है। यह स्टोर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) के अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान टर्मिनल 2 पर खोला गया है। इस स्टोर से Balnezia के प्रसिद्धी के बारे में दर्शाता है।

Balenzia में रणनीति प्रमुख श्रुति गुप्ता ने कहा Balenzia मील के पत्थर के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। यह बेहद उत्साह और गर्व के साथ है कि हम सीएसएमआईए के अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान में अपने नए स्टोर का अनावरण कर रहे हैं। Balenzia निरंतर विकास कर रहा है। यह एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय जंक्शन सीएसएमआईए में खुद को स्थापित करना है। इस स्टोर के खुलने से दर्शकों तक पहुंच बढ़ाना काफी सक्षम हो गया है। अब भारतीयों के साथ अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक भी आसानी से Balenzia कते प्रोडक्ट खरीद सकते हैं।

वह आगे कहती है कि इस स्टोर के उद्घाटन से अब दुनिया भर के यात्री हमारी शैली, आराम और गुणवत्ता का अनूठा मिश्रण लाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेंगे। हम अपने अभिनव डिजाइन और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं जो हमारे ब्रांड की आधारशिला रहे हैं।

CSMIA में Balenzia का नया स्टोर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए काफी लाभदायक रहेगा। अपने आकर्षक डिज़ाइन और उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के साथ, स्टोर का लक्ष्य आज के समझदार ग्राहकों की विविध प्राथमिकताओं को पूरा करना है। इस स्टोर में क्लासिक स्टेपल से लेकर समकालीन डिज़ाइन तक सभी सॉक्स शामिल है। यह रेंज फैशन ट्रेंड से आगे रहने के लिए Balenzia के समर्पण को दर्शाता है।

**ब्रांड की दूरदर्शी रणनीति पर जोर देते हुए श्रुति गुप्ता ने कहा**

बालेंजिया विस्तार और नवाचार के एक गतिशील पथ पर है। इसका लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष के अंत तक और अधिक स्टोर खोलना है। बाजार में हमारी स्थिति को और मजबूत करना है और बालेंजिया को हमारे ग्राहकों के करीब लाना है। हमारा लक्ष्य Balenzia को एक घरेलू नाम बनाना है, जो मोज़ों में गुणवत्ता और शैली का पर्याय बन जाए। हम इस यात्रा को शुरू करने और अपने विशिष्ट संग्रह को दुनिया भर के अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं। बालेंज़िया भारत का सबसे पसंदीदा मोज़े ब्रांड है। यह उच्च गुणवत्ता वाले और स्टाइलिश मोज़ों की एक सीरीज पेश करती है। ब्रांड अपने ग्राहकों को डिजाइन, शैली और रंग वाले भीड़ से अलग दिखने में सहायता करना है। Balenzia सभी प्रकार के सॉक्स की सीरीज जारी करती है।

# उतार-चढ़ाव के बाद तेजी के साथ बंद हुआ भारतीय करेंसी, डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की हुई बढ़त

शुक्रवार को रुपया बढ़त के साथ बंद हुआ है। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे बढ़कर बंद हुआ है। गुरुवार को आए जीडीपी आंकड़ों ने रुपया को सामित दायरे से बाहर करने में मदद की है। वहीं शेयर बाजार में तेजी और क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर भी भारतीय करेंसी पर देखने को मिला है।

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे की तेजी के साथ बंद हुआ है। इक्विटी बाजारों से सकारात्मक संकेत और मजबूत घरेलू व्यापक आर्थिक आंकड़ों ने भारतीय करेंसी पर असर डाला है।


विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी रुपया को मदद मिली। उनका कहना है कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमत 84 अमेरिकी डॉलर के स्तर से घटकर 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है। इसकी वजह तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक+ ने 2024 में उत्पादन कम नहीं करने पर सहमति व्यक्त की है।

आज अंतरबैंक विदेशी मुद्रा में, रुपया डॉलर के मुकाबले 83.29 पर मजबूत खुला और इंट्रा-डे में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.25 के उच्चतम स्तर और 83.36 के निम्नतम स्तर के बीच कारोबार किया। अंततः यह ग्रीनबैक के मुकाबले 83.30 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद के मुकाबले 7 पैसे की बढ़त दर्शाता है। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर 83.37 पर बंद हुआ।

इस बीच, डॉलर सूचकांक में डॉलर 0.19 प्रतिशत कम होकर 103.30 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.23 प्रतिशत गिरकर 80.67 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**शेयर बाजार में तेजी**

आज सेंसेक्स 492.75 अंक या 0.74 प्रतिशत बढ़कर 67,481.19 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 134.75 अंक यानी 0.67 प्रतिशत बढ़कर 20,267.90 अंक पर पहुंच गया। शुक्रवार को एक मासिक सर्वेक्षण में कहा गया कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने नवंबर में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर में दर्ज आठ महीने के निचले स्तर 55.5 से बढ़कर पिछले महीने 56 पर पहुंच गया।



एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक गुरुवार को पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदार थे, क्योंकि उन्होंने 8,147.85 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही।

इसके अलावा, साथ ही जारी एक अन्य डेटा से पता चला है कि आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों का उत्पादन अक्टूबर 2023 में 12.1 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में 0.7 प्रतिशत का विस्तार हुआ था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर के अंत में सरकार का राजकोषीय घाटा पूरे साल के बजट अनुमान का 45 प्रतिशत तक पहुंच गया।

# सस्ता हो सकता है हवाई सफर, तेल कंपनियों ने ATF की कीमतों में की कटौती

1 दिसंबर 2023 को एलपीजी पेट्रोल-डीजल और एटीएफ की कीमतों को अपडेट किया गया है। आज भी देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 21 रुपये का इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ एटीएफ की कीमतों में 4.6 फीसदी की कटौती हुई है। चेक करें आपके शहर मे क्या है एटीएफ की कीमत।

**नई दिल्ली।** महीने के पहले दिन एलपीजी, एटीएफ की कीमतों को रिवाइज किया जाता है। आज 1 दिसंबर 2023 को तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को अपडेट किया है। देश भर में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 21 रुपये बढ़ गई है। वहीं जेट ईंधन की कीमतों में कटौती हुई है। एटीएफ की कीमत में 4.6 फीसदी की कटौती हुई है।

राजधानी दिल्ली में विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर से घटकर 1,06,155.67 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। वहीं, कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 21 रुपये का इजाफा हुआ है। कमर्शियल सिलेंडर एलपीजी की कीमत 1,775.50 रुपये से बढ़ाकर 19 किलोग्राम प्रति सिलेंडर 1,796.50 रुपये कर दी गई ।वहीं, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश में 14.2 किलोग्राम सिलेंडर 903 रुपये है।

**मेट्रो सिटी में एटीएफ की कीमत**

दिल्ली में एटीएफ की कीमत 1,06,155.67 रुपये प्रति किलो लीटर है।


कोलकाता में एटीएफ की कीमत 1,44,639.70 रुपये प्रति किलो लीटर है।

मुंबई में एटीएफ की कीमत 99,223.44 रुपये प्रति किलो लीटर है।

चेन्नई में एटीएफ की कीमत 1,09,966.39 रुपये प्रति किलो लीटर है।

एलपीजी और एटीएफ की कीमतों का असर

कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बदलाव का असर रेस्टोरेंट्स, होटल्स और अन्य कमर्शियल उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा। इसका असर घरेलू सिलेंडर की कीमतों पर नहीं पड़ेगा। वहीं, एटीएफ की कीमतों में हुई कटौती का असर हवाई किराये पर देखने को मिलेगा। ऐसे में उम्मीद है कि हवाई सफर सस्ता हो सकता है।



# अलग-अलग हादसों में छह लोगों की मौत, चार ट्रेन तो दो लोग सड़क हादसे का हुए शिकार; दो की नहीं हुई पहचान

हरियाणा के पलवल जिले में अलग-अलग ट्रेन व सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें से चार लोगों की पहचान की जा चुकी है। वहीं, दो लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।

**पलवल।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क व रेल हादसों में एक महिला सहित छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। रेल हादसे में मारे गए चार लोगों में दो की पहचान नहीं हो पाई है। सड़क हादसों में राष्ट्रीय राजमार्ग पर लघु सचिवालय के समीप पिकअप गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। वहीं, हथीन रोड पर भी गांव भंगूरी के समीप पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

रेल हादसे में पिता का खाना देने का जा रहा युवक असावटा फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आ गया। शोलाका स्टेशन के समीप एक युवक ट्रेन से गिर गया। इनके अलावा पलवल रेलवे स्टेशन के समीप लाइन पार रही महिला व करमन फाटक के समीप एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। संबंधित पुलिस ने चार शवों को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया, जबकि दो पहचान के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

**पिता को खाना देने जा रहा युवक ट्रेन की चपेट में आया**

गांव असावटा में पिता को खाना देने जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी के जांच अधिकारी ओमप्रकाश तेवतिया के अनुसार गांव असावटा निवासी सतीश ने दिए बयान में कहा है कि गांव के निकट से रेलवे लाइन गुजर रही है, जिसके दूसरी तरफ वह पशुओं को लेकर रहता है। उसका बेटा 18 वर्षीय सौरव उसके लिए खाना देने आया था और खाना देकर वापस लौटते समय ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। सौरव को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए फरीदाबाद के लिए रेफर कर दिया। फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बृहस्पतिवार रात सौरव की मौत हो गई। परिजनों के बताया कि सौरव इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

**ट्रेन से गिरकर युवक की मौत**

शोलाका रेलवे स्टेशन के समीप एक 35 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर चंदरपाल के अनुसार, शुक्रवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि शोलाका रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, जिसका शव पटरियों के बीच में पड़ा हुआ है। उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया।

मृतक के पास से एक मोबाइल फोन व ट्रेन का टिकट बरामद हुआ। मृतक की पहचान यूपी के जिला मुरादाबाद स्थित रुस्तम नगर सहसपुर निवासी नवी मोहम्मद के रूप में



हुई। मृतक के पास राजस्थान के उदयपुर से मथुरा का टिकट मिला है। मथुरा से वह दिल्ली के लिए किसी काम से जा रहा था। मोबाइल के माध्यम से परिजनों से संपर्क कर उन्हें सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने पर बयान लिखे गए। परिजनों के बयान पर भादंसं की धारा 174 के तहत कार्रवाई की गई है।

**लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर दो मरे, पहचान नहीं**

गांव करमन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जांच अधिकारी चंदरपाल के अनुसार, शुक्रवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि करमन फाटक के समीप रेलवे लाइन पार करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। वे तुरंत मौके पर पहुंचे तो शव ट्रेन की टक्कर से बुरी तरह से बिखरा हुआ था। शव को समेट कर पहचान कराने का प्रयास किया गया, परंतु शव की पहचान नहीं हो पाई। मृतक की उम्र 40-45 वर्ष है। उसने हरे रंग की जींस, छापेदार कमीज व काले रंग की जैकेट पहनी हुई है।

वहीं, पलवल जीआरपी जांच अधिकारी धनीराम ने बताया कि पलवल स्टेशन के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक करीब 40-45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। मृतक महिला ने लाल रंग की चुन्नी, रेशमी किनारी सूट लाल-नीला छापेदार व सलवार लाल-सफेद रंग की पहनी हुई है। दोनों शवों को पहचान व पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है।

**पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत**

हथीन-पलवल रोड पर गांव भंगूरी के निकट पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जांच अधिकारी रामजीवन ने बताया कि गांव फिरोजपुर राजपूत निवासी 18 वर्षीय युवक मोहित बाइक द्वारा अपने गांव से पलवल जा रहा था। गांव भंगूरी के निकट स्थित निजी स्कूल के पास पलवल की तरफ से आ रही पिकअप गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक चालक मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार पिक अप का रजिस्ट्रेशन नंबर मिल गया है। इस आधार पर चालक की खोज की जा रही है। पुलिस ने मृतक मोहित के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक मोहित पलवल प्रशिक्षण के लिए जा रहा था।

**पिकअप गाड़ी ने साइकिल में मारी टक्कर, युवक की मौत**

कैंप थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यनारायण के अनुसार, गांव बहरौला निवासी श्याम सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई राजेंद्र मजदूरी करता था। साइकिल पर सवार होकर उसका भाई राजेंद्र पलवल मजदूरी पर जा रहा था। जब उसका भाई राजेंद्र अपनी साइकिल पर अदालत परिसर के सामने बने पुलिस बूथ के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उसके भाई की साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई साइकिल सहित सड़क पर गिर पड़ा और पिकअप चालक गाड़ी को लेकर

## क्या है डिजिटल अरेस्ट, इसका शिकार होने पर बरतें ये सावधानियां; हाल में सामने आईं ये घटनाएं

दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों से हाल में ऐसी खबरें आईं कि लोग डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो गए और लुट गए। ऐसे में कई लोगों के दिमाग में यह सवाल आता है कि गिरफ्तारी तो सुनी थी जो पुलिस करती थी लेकिन ये डिजिटल अरेस्ट क्या है जिसमें लोग अपने पैसे गंवा बैठते हैं। इस स्टोरी में पढ़ें डिजिटल अरेस्ट क्या है और उससे बचने के क्या उपाय....

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों से हाल में ऐसी खबरें आईं कि लोग डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो गए और लुट गए। ऐसे में कई लोगों के दिमाग में यह सवाल आता है कि गिरफ्तारी तो सुनी थी जो पुलिस करती थी लेकिन ये डिजिटल अरेस्ट क्या है जिसमें लोग अपने पैसे गंवा बैठते हैं।

**क्या है डिजिटल अरेस्ट**

डिजिटल अरेस्ट में साइबर ठग द्वारा पीड़ित को फोन कर बताया जाता है कि उनका नाम कोई शिकायत दर्ज हुई है। झूठे मामले को लेकर पीड़ित को पहले काफी डराया जाता है, जिससे वह घबरा जाता है। इसके बाद उन्हें घर से बाहर निकलने से मना कर दिया जाता है।

दूसरा फोन कॉल कर के पीड़ितों को मदद देने का आश्वासन दिया जाता है। मदद मानकर पीड़ित ठगों की कही हुई हर बात को फालो करता है। ठग पीड़ितों को एक एप डाउनलोड करने को कहते हैं। लगातार उस एप के जरिये पीड़ित से जुड़े रहते हैं। कुछ देर बाद वह केस को रफा-दफा करने के लिए पीड़ित से कुछ पैसे मांगते हैं। पीड़ित को इतना डरा दिया जाता है कि वह अपने स्वजन और करीबियों से भी इस तरह की बातें बताने में घबराने लगता है।

**डिजिटल अरेस्ट का शिकार होने पर क्या करें**

अगर कोई आपको पुलिस या सीबीआइ अधिकारी बनकर डिजिटल तौर पर गिरफ्तार करने की धमकी देता है, तो सबसे पहले आपको अपने परिवार के सदस्यों या दोस्तों को सूचित करना चाहिए। तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर इसकी शिकायत करानी चाहिए, इस बात से नहीं डरना चाहिए कि पुलिस आपके खिलाफ कोई एक्शन लेगी।

**घर बैठे कमाने का लालच देकर देकर युवती से छह लाख ठगे**

सेक्टर-20 कोतवाली को दी शिकायत में निशी खण्डेलवाल बताया कि उनके पास कुछ समय पहले वाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करके लाखों रुपये कमाने की बात की थी।

पीड़ित ने जब उस नंबर पर बात की तो उनको टेलीग्राम के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में 100 लोग पहले से जुड़े थे। आरोपितों ने उनको कुछ यूट्यूब और ई-कामर्स वेबसाइट के ऑनलाइन पेज को अच्छा रेटिंग और रिव्यू करने का टास्क दिया, जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। फिर पीड़ित को कुछ फायदा हुआ।

# विधानसभा चुनाव 2023: भाजपा को भी नहीं थी ये उम्मीद, सतर्क होकर नेता कर रहे अंतिम परिणाम का इंतजार

मध्यप्रदेश के चुनाव परिणाम पार्टी के ही कई नेताओं को चकित करने वाले लग रहे हैं। मध्यप्रदेश चुनाव में सक्रिय रहे नेताओं का भी मानना है कि यहां के चुनाव परिणाम उनकी उम्मीद से बेहतर हैं...




पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम तीन दिसंबर रविवार को आ जाएंगे। लेकिन एग्जिट पोल में दिखाए गए संभावित चुनाव परिणामों ने राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी है। भाजपा के अपने नेता भी मान रहे हैं कि एग्जिट पोल के परिणाम ही अंतिम चुनाव परिणामों में बदले, तो यह उनके लिए भी आश्चर्यजनक होगा। विशेषकर मध्यप्रदेश में जिस तरह लैंड स्लाइड विक्ट्री दिखाई जा रही है, उसकी स्वयं पार्टी के नेताओं को भी उम्मीद नहीं थी।

भाजपा के ज्यादातर नेताओं को राजस्थान के चुनाव परिणाम एग्जिट पोल के अनुसार ही आने की संभावना है। यानी पार्टी नेता मान रहे हैं कि तीन दिसंबर के बाद उसे सरकार बनाने का अवसर मिलेगा। अभी से कई नेताओं ने संपर्क साधना भी शुरू कर दिया है। वहीं, मध्यप्रदेश के चुनाव परिणाम पार्टी के ही कई नेताओं को चकित करने वाले लग रहे हैं। मध्यप्रदेश चुनाव में सक्रिय रहे नेताओं का भी मानना है कि यहां के चुनाव परिणाम उनकी उम्मीद से बेहतर हैं।

भाजपा के महासचिव स्तर के एक नेता ने अमर उजाला से कहा कि शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली योजना महिलाओं के बीच लोकप्रिय हो रही है, यह तो हम जानते थे। लेकिन यह इतनी अधिक लोकप्रिय हो जाएगी, इसकी हमें स्वयं भी उम्मीद नहीं थी। विशेषकर यह देखते हुए कि यह बहुत अंतिम समय में लाई गई थी। यदि यह कुछ समय पहले लाई गई होती, तो यह ज्यादा कारगर हो सकती थी।

पार्टी नेता के मुताबिक, यदि यही चुनाव परिणाम आता है, तो इससे अमित शाह की करिश्माई क्षमता एक बार फिर सिद्ध हो जाएगी। जिस राज्य में पार्टी के लंबे शासन के बाद एंटी इनकमबेंसी फैक्टर ज्यादा मजबूत हो गया था, शाह की रणनीति ने न केवल उसको कमजोर करने का सफल प्रयास किया, बल्कि इसे बढ़त में भी तब्दील करने का काम किया। यह आश्चर्यजनक ही है।

उन्होंने कहा कि इसके पहले जब अमित शाह ने 2012 में उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभार संभाला था और 2014 के चुनाव में पार्टी को यूपी की 80 में से 73 सीटों पर सफलता मिली थी, तब वह भी किसी भी राजनीतिक दल या नेता के लिए आश्चर्यजनक था। मध्यप्रदेश में यदि पार्टी को एग्जिट पोल के अनुसार ही जीत मिलती है, तो यह उसी स्तर का अप्रत्याशित चुनाव परिणाम होगा।

**एमपी जीते तो छत्तीसगढ़ भी जीतेंगे**

भाजपा नेता ने कहा कि यदि मध्यप्रदेश के चुनाव परिणाम सही साबित होते हैं, तो हम छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम भी जीतेंगे। इसका बड़ा कारण है कि छत्तीसगढ़ की चुनावी हवा कई मायने में मध्यप्रदेश जैसी है। यदि मध्यप्रदेश में कोई साइलेंट लहर चल रही थी तो जनता के बीच इसका असर छत्तीसगढ़ तक अवश्य पहुंचा होगा। इसका परिणाम छत्तीसगढ़ में भी जीत के रूप में मिल सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, भाजपा की महिला केंद्रित योजनाएं और आदिवासी मतदाताओं के बीच मोदी की लोकप्रियता इसमें मददगार साबित हो सकती है।

# करोड़ों रुपये के सोने के साथ दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार, दोनों को जाना था ताशकंद




परिवहन विशेष न्यूज

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के जवानों ने सोने की तस्करी में आरोपित दो विदेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनके कब्जे से 4.7 किलो वजन की सोने की कई चेन बरामद की है। दोनों यात्रियों को ताशकंद जाना था। अधिकारियों ने उनसे काफी मात्रा में सोने की चेन ले जाने के बाबत कागजात और बिल दिखाने के लिए कहा। लेकिन यात्री कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पर सोना तस्करी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामले में सीआईएसएफ के जवानों ने सोने की तस्करी में आरोपित दो विदेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनके कब्जे से 4.7 किलो वजन की सोने की कई चेन बरामद की है। दोनों आरोपित यात्रियों को कस्टम विभाग के हवाले कर दिया गया है।

**उज्बेकिस्तान के रहने वाले दोनों यात्री**

मामले की छानबीन जारी है। जिन दो यात्रियों को पकड़ा गया है, वे दोनों उज्बेकिस्तान के रहने वाले हैं। आरोपितों में अकबर अनवरोव व साबिरोव अब्दुरखमोन शामिल है। सीआईएसएफ के अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह एयरपोर्ट पर उज्बेकिस्तान जाने के लिए दो यात्री यहां पहुंचे।

**बैग से मिला करीब पांच किलो सोना**

यहां बोर्डिंग से जुड़ी प्रक्रिया के तहत उनके बैग की एक्सरे मशीन पर जांच की गई। जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों को बैग में ने संदिग्ध चीज होने का पता चला। जवानों ने बैग की तलाशी ली। बैग से 4.7 किलोग्राम वजन की सोने की कई चेन मिली। पूछताछ में पता चला कि दोनों यात्रियों को ताशकंद जाना था।

अधिकारियों ने उनसे काफी मात्रा में सोने की चेन ले जाने के बाबत कागजात और बिल दिखाने के लिए कहा। लेकिन यात्री कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। दोनों यात्रियों को बरामद सोने की चेन के साथ कस्टम अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। अधिकारी यात्रियों से पूछताछ कर जांच में जुटी है।

# पाकिस्तानी समेत 14 देशों के आर्टिस्ट भी अयोध्या में 17 से 22 जनवरी तक रामलीला का करेगें मंचन




परिवहन विशेष। एसडी सेठी।

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 17 से 22 जनवरी तक पाकिस्तानी समेत 14 देशों के कलाकार भी रामलीला का मंचन करेगे। इस बावत अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक बॉबी ने जानकारी दी है। मलिक के मुताबिक लीला मंचन की भागीदारी में बॉलीवुड-२ मुम्बई और दिल्ली के कलाकारों का चयन भी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभु राम खालिस देश में ही नहीं बल्कि विदेशी में भी रहने वाले लोगो के दिलो में बस्ते हैं। लिहाजा लीला मंचन में उनकी भूमिका भी अहम है। मलिक के मुताबिक लीला मंचन में इंडोनेशियाई, अमेरीका, लंदन, दुबई, चीन, अफगानिस्तान, रूस, चीन इस्त्राइल, अफगानिस्तान, जापान, जर्मन बांग्लादेश, पाकिस्तान के एक-एक कलाकारों को बुलाया जा रहा है। सभी देशी-विदेशी कलाकार रामलीला में अभिनय करेगे।

# नहीं हुआ तारिणी दर्शन: रास्ते में यम 8 लोगों को लेकर

मानोरंजन सासमल , ओड़िशा

**भुबनेश्वर।** तारिणी दर्शन नहीं हुआ। रास्ते में हादसे से 8 लोगों की जान गिया। रात को घर से निकला. फिर उसके सामने सब कुछ उल्टा हो गया। घाटगांव के पास आज सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। 8 लोगों की जान चली गई है. साथ ही 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं. बताया जा रहा है कि गंभीर लोगों में से 3 की हालत गंभीर है. उन्हें कटक मेडिकल सेंटर भेजा गया है. पांच अन्य गंभीर रूप से घायलों को क्योंझर जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन दुर्घटना करने वाला ड्राइवर फेरार हो गया है. हादसे में पिछली सीट पर बैठे जगदीश गौड़ की मौत से बच गई। उनके मुताबिक, वे 18 लोगों आए थे. उनका परिवार, उनके मामा और दोस्त गांव आते रहते थे. वे रात 8:30 बजे घर से निकले.

जानकारी के मुताबिक, गंजाम के सांखेमुंडी जिले के पुदामारी गांव से घाटगांव तारीणी दर्शन के लिए एक विंगर वैन से आ रही थी, मंदिर से ठीक तीन किलोमीटर पहले बालियोडी में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। बताया गया है कि वैन की रफ्तार तेज होने के कारण 8 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा वैन में सवार एक अन्य यात्री भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों



को इलाज के लिए पहले घाटगांव अस्पताल ले जाया गया।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ. माना जा रहा है कि सुबह के समय कोहरे के कारण ड्राइवर सड़क के किनारे खड़े ट्रक को नहीं देख पाया या फिर वैन पूरी रफ्तार में ट्रक से टकरा गई क्योंकि वह लहरा रही थी। हादसे में वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सबसे ज्यादा असर आगे की सीटों पर बैठे यात्रियों पर पड़ा।

## सड़क हादसे में पति समेत दो बच्चों की मौत, डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस को भेजा नोटिस

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने राजौरी गार्डन में सड़क हादसे में पति समेत दो बच्चों की मौत को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। महिला के परिजनों का आरोप है कि मामले में समझौते के लिए आरोपित पक्ष ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। 5 दिसंबर तक कार्रवाई रिपोर्ट सौंपनी होगी।

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने राजौरी गार्डन में सड़क हादसे में पति समेत दो बच्चों की मौत के मामले को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मामले में की गई कार्रवाई, गिरफ्तार आरोपितों के विवरण के साथ एफआईआर की प्रति, सभी आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण मांगा है। आयोग ने पूछा है कि क्या आरोपित नशे की हालत में थे? आयोग ने पूछा है कि क्या नमूने एफएसएल को भेजे गए हैं और क्या परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों की कोई जांच दिल्ली पुलिस द्वारा कराई गई है? आयोग ने दिल्ली पुलिस से पांच दिसंबर तक की गई कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक संजय कुमार बाटला द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-18,19,20 सेक्टर 59, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 3, प्रियदर्शनी अपार्टमेंट ए-4, पश्चिमी विहार, नई दिल्ली- 110063 से प्रकाशित। सम्पर्क : 9212122095, 9811902095. newstransportvishesh@gmail.com
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी) किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय के अधीन होंगे। Title Code : DELHIN28985. DCP Licensing Number F.2 (P-2) Press/2023